अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुल्तानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 336 | लखनऊ, बुधवार, 25 जून 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### ईरान ने युद्ध विराम तोड़ा, माकूल जवाब दिया जाएगा : इजराइल

तेल अवीव। इजराइल ने कहा है कि ईरान ने आज युद्ध विराम का उल्लंघन किया है। रक्षामंत्री इजराइल काट्स ने कहा कि इसका ईरान को जोरदार जवाब दिया जाएगा। उन्होंने इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) को तेहरान को जोरदार जवाब देने का निर्देश दिया है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार के अनुसार आईडीएफ ने कहा कि वह युद्ध विराम के उल्लंघन का बलपूर्वक जवाब देगा। आईडीएफ के अनुसार रक्षामंत्री के निर्देश मिलते ही इजराइल के सैन्य अधिकारी और जनरल स्टाफ के प्रमुख इयाल जमीर ने स्थिति का आकलन किया है। बताया गया है कि ईरान के बीर्शेबा में आवासीय इमारत पर पहले हुए मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई है।

### राजनाथ सिंह किंगदाओ जाएंगे 25-26 जून को एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक

नई दिल्ली। चीन की मेजबानी में इस बार शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक 25-26 जून को किंगदाओ में होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक में राजनाथ सिंह वैश्विक शांति और सुरक्षा के बारे में भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। रक्षा मंत्री चीन और रूस सहित कुछ भागीदार देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आतंकवाद को समाप्त करने के लिए संयुक्त प्रयासों का आह्वान करने के साथ ही एससीओ के भीतर अधिक व्यापार और आर्थिक सहयोग के मुद्दे पर वार्ता करेंगे। बैठक में विभिन्न देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### देशभर में मानसून सक्रिय, अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार (24 जून) को जारी अपने पूर्वानुमान में देश के विभिन्न हिस्सों में आगामी दिनों में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी दी है। इसके अनुसार, वर्तमान में देश के कई हिस्सों में सक्रिय मानसून प्रणाली के चलते व्यापक रूप से वर्षा होने की संभावना है, जिससे बाढ़, जलभराव और भूमि धंसने जैसी घटनाएं हो सकती हैं। विशेषकर पूर्वी और मध्य भारत में मौसम का मिजाज अगले कुछ दिनों तक गंभीर बना रहेगा।

# गरीबों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजीपुर में की समीक्षा बैठक



गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गाजीपुर का भ्रमण किया। फिर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विकास कार्यों/निर्माण परियोजनाओं व कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री ने राजस्व, विकास व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों से जनपद का हाल जाना। जिलाधिकारी ने राजस्व व विकास कार्यों तथा पुलिस अधीक्षक ने जनपद में शांति व कानून व्यवस्था से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन की समस्याओं का निराकरण गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ मेरिट के आधार पर किया जाए। मुख्यमंत्री ने जनपद में हुए राजस्व वादों के निस्तारण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसमें अधिक से अधिक प्रयास करते हुए सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी वाद पेंडिंग न रहे। उन्होंने कहा कि गरीबों के साथ किसी भी दशा में अन्याय नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने एक जनपद एक उत्पाद, जूट वाल हैंगिंग की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को मार्केट उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें मिलने वाली सहायता राशि के माध्यम से मकान बनाना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र एवं जरूरतमंदों को विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो। पेयजल पाइपलाइन बिछाने में अनावश्यक रोड कटिंग न की जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के सभी बच्चों को यूनिफॉर्म, बैग आदि खरीदने के लिए अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज दी गयी है। सभी विद्यालयों के शिक्षक बच्चों के माता-पिता व अभिभावकों से संवाद कर इसे खरीदना सुनिश्चित करवायें। छात्रों का ड्रॉप आउट रेट शून्य होना चाहिए। सीएम योगी ने रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित समयावधि में ट्रांसफॉर्मर बदलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर-1912 सक्रिय है। इसके उपयोग के संबंध में आमजन को जागरूक किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन नर्सिग कॉलेज का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गाजीपुर को दिसम्बर 2025 तक टी0बी0 मुक्त बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं।

### टॉप टेन अपराधियों की सूची बनाकर की जाए कार्रवाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों से साफ तौर पर कहा कि भू-माफिया, खनन माफिया, वन माफिया व अन्य अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के साथ कार्रवाई की जाए। जनपद के टॉप-टेन अपराधियों की सूची बनाकर उन पर प्रभावी कार्रवाई हो। एफ0आई0आर0 व विवेचना कार्यवाही की पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक स्तर पर गंभीरतापूर्वक मॉनीटरिंग की जाए। पॉक्सो, महिला अपराध आदि वादों की प्रभावी पैरवी करते हुए अपराधियों को सजा दिलायी जाए। अपराधियों के मन में कानून का भय होना चाहिए। पशु तस्करी के संबंध में थानों की जबाबदेही तय की जाए। धर्मान्तरण के मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाए। मिशन शक्ति के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाए। कांवड़ यात्रा समेत आगामी पर्व परम्परागत रूप से मनाए जाएं। इसके पहले जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को ''एक जनपद-एक उत्पाद'' जूट वॉल हैंगिंग देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, संगीता बलवंत, जखनिया विधायक बेदीराम, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह आदि की मौजूदगी रही।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति का प्रतीक : मोदी



एजेंसी

- श्रीनारायण गुरु-महात्मा गांधी संवाद शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित श्रीनारायण गुरु और महात्मा गांधी के ऐतिहासिक संवाद की शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख कर कहा कि इसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्पष्ट और कठोर नीति को दुनिया के सामने रख दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए अब दुनिया में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। आज का भारत अपने हितों के अनुसार हर जरूरी कदम उठाने में पीछे नहीं रहता। उन्होंने श्रीनारायण गुरु और महात्मा गांधी की 1925 में हुई ऐतिहासिक मुलाकात को याद करते हुए कहा कि यह संवाद केवल इतिहास की घटना नहीं, बल्कि आज भी सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि श्रीनारायण गुरु का जीवन समता, एकता और आध्यात्मिक उत्थान का प्रतीक रहा है। भारत की विशेषता यही है कि जब भी देश किसी संकट में होता है, कोई न कोई महान विभूति मार्गदर्शन के लिए सामने आती है।

## विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका : अमित शाह

- मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में 19 प्रमुख मुद्दों पर हुई चर्चा
- सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव अनुमोदित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्य क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों के कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेश्यो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ पर जोर दें।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को यहां नदेसर स्थित तारांकित होटल में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद ही एकमात्र ऐसी क्षेत्रीय परिषद है। जहां दो सदस्य राज्यों के बीच किसी प्रकार की कोई समस्या या विवाद नहीं है और यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेश्यो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाए। गृह मंत्री ने सदस्य राज्यों की ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि पंचायतों की आय बढ़ने से ही भारत की त्रिस्तरीय लोकतांत्रिक पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी।

### बैठकों की संख्या और समाधान में दोगुनी प्रगति

उन्होंने कहा कि जहां 2004-14 तक जोनल कौंसिल के सिर्फ 11 बैठक और स्टैंडिंग कमिटीज ऑफ़ जोनल कौंसिल्स के सिर्फ 14 बैठकें हुई थीं, वहीं 2014-25 में जोनल काउंसिल के 28 मीटिंग्स और स्टैंडिंग कमिटीज ऑफ़ जोनल कौंसिल्स के 33 मीटिंग्स हुई हैं, जो कि कुल दो गुना वृद्धि है।

### सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन प्रस्ताव अनुमोदित

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ सभी चारों मुख्यमंत्री एवं सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया। चर्चा के दौरान बताया गया कि वर्ष 2004-14 की तुलना में 2014-25 में क्षेत्रीय परिषदों की बैठकों में लगभग 83 फीसद मुद्दों का समाधान किया गया है। आज की बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और इनके शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे विभिन्न मुद्दे शामिल रहे।

## बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट की होगी दोबारा जांच

एजेंसी




नई दिल्ली। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग पूरे राज्य में मतदाता सूचियों की दोबारा जांच करवाने जा रहा है। इसके लिए आयोग ने आज जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं। इस प्रक्रिया का मकसद ये है कि जिन लोगों को वोट देने का अधिकार है, उनके नाम वोटर लिस्ट में जरूर हों और जिनके नाम नहीं होने चाहिए, उन्हें हटा दिया जाए।

चुनाव आयोग ने बताया कि इस काम के लिए बूथ लेवल ऑफिसर यानी बीएलओ घर-घर जाकर लोगों की जानकारी की जांच करेंगे। इसमें खास ध्यान नए युवा वोटरों के नाम जोड़ने, जिनकी मौत हो चुकी है उनके नाम हटाने और किसी गलत या अवैध तरीके से जुड़े नामों को हटाने पर होगा। बता दें कि बिहार में इस तरह की बड़ी जांच आखिरी बार 2003 में हुई थी। अब शहरीकरण बढ़ने, लोगों के पलायन और जनसंख्या में बदलाव जैसे कारणों की वजह से यह दोबारा जरूरी हो गया है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, जिन लोगों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाएगा, उनके दस्तावेजों को जांच के बाद एक ऑनलाइन सिस्टम (ईसीआईनेट) में अपलोड करना जरूरी होगा। हालांकि, इन दस्तावेजों को सिर्फ चुनाव से जुड़े अधिकारी ही देख पाएंगे ताकि लोगों की जानकारी सुरक्षित रहे। अगर किसी को लगता है कि उसके नाम को गलत तरीके से जोड़ा गया है या हटाया गया है, तो वह इस पर आपत्ति कर सकता है। ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी जांच करेंगे और अगर किसी को फिर भी संतोष नहीं हुआ, तो वह जिला अधिकारी या राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी से शिकायत कर सकता है।

### चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को पत्र लिख मुलाकात के लिए किया आमंत्रित

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनके अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित लेख को लेकर पत्र भेजा है। आयोग ने कहा है कि वे महाराष्ट्र चुनावों या अन्य किसी विषय पर आयोग से मिल सकते हैं। आयोग सूत्रों के अनुसार, यह पत्र 12 जून को लिखा गया था, जिसे राहुल गांधी के आवास पर रिसीव कर लिया गया है और इसकी एक प्रति ई-मेल के माध्यम से भी भेजी गई है।

### देश के सातवें प्रधानमंत्री जननायक बीपी सिंह का जन्मदिन आज



लखनऊ। स्वतंत्र भारत के सातवें प्रधानमंत्री के रूप में जननायक नेता स्वर्गीय बीपी सिंह का जन्मोत्सव राष्ट्रीय किसान मंच के सत्तावधान में बड़े ही हरसोलस के साथ मनाया जाएगा यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहर दीक्षित ने बताया कि जन्मोत्सव का कार्यक्रम गांधी भवन स्थित सभागार में किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ऊर्जा मंत्री अनिल शास्त्री के अलावा विभिन्न सामाजिक और आध्यात्मिक व्यक्तियों का समागम होगा इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान मंच के प्रदेश भर और देश भर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी सम्मिलित होंगे।

## परी हत्याकांड में दोषियों को कड़ी सजा मिले : पंकज भईया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




दिल्ली। 24 जून 2025 को दिल्ली के अंतरिक्ष भवन में आयोजित ह्यूमन राइट काउंसिल ऑफ इंडिया की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में नेशनल प्रेसिडेंट रविन्द्र रंजन जी द्वारा पिछली गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में नेशनल वाइस प्रेसिडेंट पंकज भईया द्वारा उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद में 15 जून को हुई नाबालिग परी श्रीवास्तव की हत्या पर विशेष जोर देकर काउंसिल द्वारा ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा ह्यूमैन राइट्स कौंसिल ऑफ इंडिया के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट पंकज भईया को सर्वसम्मति से नामित किया गया कि परी श्रीवास्तव हत्या काण्ड में अपनी तरफ से पूर्ण प्रयास करें। काउंसिल आगे इस सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित गृहमंत्री को सम्पर्क करेगा और यदि आवश्यक हुआ तो कौंसिल वाइस प्रसिडेंट के हर कदम जो परी श्रीवास्तव को न्याय दिलाने के लिए उचित होगा पर हर सम्भव आगे बढ़ेगा। सर्वसम्मति से यह बात मुखर रूप से कहा गया कि इस तरह के अपराध को काउंसिल किसी रूप में बर्दास्त नहीं कर सकता ।

## सीडीएस को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश देने का मिला अधिकार

एजेंसी




नई दिल्ली। सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। इससे पहले तीनों के प्रमुख युद्ध या आकस्मित स्थिति तथा अभियानों में अलग-अलग आदेश जारी करते थे।

'संयुक्त निर्देशों एवं संयुक्त आदेशों के अनुमोदन और प्रकाशन के संदर्भ में पहला संयुक्त आदेश आज ही जारी किया गया है। यह प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, कई स्तर पर आदेशों की पुनरावृति को समाप्त करने और अंतर-सैन्य सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है।

## सेना की आतंकवाद निरोधक क्षमता बढ़ेगी, दो हजार करोड़ के हथियार खरीदे जाएंगे

- रक्षा मंत्रालय ने 13 तरह की हथियार प्रणालियों के लिए अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय सेना के लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपये की लागत से 13 तरह की हथियार प्रणालियां खरीदी जाएंगी। केंद्र सरकार ने आपातकालीन खरीद के तहत 1,981 करोड़ रुपये के 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन उपकरणों की डिलीवरी 12 महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी। ये हथियार विशेष रूप से सेना की आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आपातकालीन खरीद व्यवस्था के अंतर्गत 13 अनुबंधों को अंतिम रूप दिया है। भारतीय सेना के लिए 2,000 करोड़ रुपये के कुल स्वीकृत परिव्यय में से 1,981.90 करोड़ रुपये की राशि के इन अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है। आपातकालीन खरीद व्यवस्था के अंतर्गत फास्ट-ट्रैक प्रक्रियाओं के माध्यम से निष्पादित इस खरीद का उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में तैनात सैनिकों के लिए मारक क्षमता, गतिशीलता और सुरक्षा को बढ़ाना है। तेजी से क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए इस अधिग्रहण को कम समय सीमा में पूरा किया गया।

खरीदे जाने वाले प्रमुख उपकरणों में एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम (आईडीडीआईएस), निम्न स्तर के हल्के वजन वाले रडार (एलएलएलआर), बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) लांचर और मिसाइल, दूर से संचालित हवाई वाहन, वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग सिस्टम सहित लोइटरिंग म्यूनिशन, विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट, बैलिस्टिक हेलमेट, त्वरित प्रतिक्रिया लड़ाकू वाहन (भारी और मध्यम), राइफलों के लिए रात्रि दृष्टि शामिल हैं। यह खरीद भारतीय सेना को उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक और पूरी तरह से स्वदेशी प्रणालियों से लैस करने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### भारत और दक्षिण अफ्रीका ने पनडुब्बी सहयोग के क्षेत्र में दो समझौते किए

नई दिल्ली। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 9वीं संयुक्त रक्षा समिति (जेडीसी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक के पहले दिन की शुरुआत दोनों सह-अध्यक्षों की टिप्पणियों के साथ हुई, जिसमें एजेंडा निर्धारित किया गया। दोनों पक्षों ने अपने-अपने रक्षा उद्योग की क्षमताओं के बारे में जानकारी दी।

# एमसीएडी योजना से किसानों को पारंपरिक सिंचाई पद्धति से मिलेगा छुटकारा

- अब खेतों में प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क टेक्नोलॉजी से होगी सिंचाई
- योजना से एक क्लस्टर, एक फसल मॉडल को मिलेगा बल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। इस सुविधा से प्रदेश के किसानों को अब सिंचाई के लिए बारिश या पारंपरिक नहरों पर निर्भर नहीं रहना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के किसानों को डबल इंजन सरकार की एमसीएडी योजना (मॉडरेशन ऑफ कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम ) का लाभ देने के लिए खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। प्रदेश में पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाएगा। इसमें आईआईटी कानपुर का भी अहम रोल रहेगा। यह योजना कमांड एरिया डवलपमेंट और जल प्रबंधन में गेम चेंजर साबित होगी। इससे एक ओर जहां खेतों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की एमसीएडी योजना को धरातल पर उतारने के लिए खाका तैयार कर लिया गया है। इस योजना का उद्देश्य हर खेत तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था को आधुनिक बनाना है। इसके जरिये पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की जगह अब प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क (पीपीआईएन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत तक जल उपयोग दक्षता प्राप्त की जा सकेगी। इससे पानी की भारी बचत, उच्च उत्पादन और ऊर्ज़ा की खपत में कमी सुनिश्चित होगी। योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लागू किया जा रहा है। इसमें जल शक्ति मंत्रालय की दो इकाइयों सीएडब्ल्यूएम(कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट) और एआईबीपी (एक्सीलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम) को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। योजना के पहले चरण को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 1 अप्रैल 2026 से दूसरा चरण लागू किया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया 2031 तक जारी रहेगी। सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव ने बताया कि एमसीएडी योजना के तहत 50 से 5000 हेक्टेयर तक के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर क्लस्टर में वॉटर यूजर सोसाइटी (डब्ल्यूयूएस) का गठन किया जाएगा। इससे जुड़कर किसान सिंचाई प्रबंधन करेंगे। इससे किसानों को न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में, जहां सिंचाई के लिए भूजल पर भारी निर्भरता है, यह योजना जल की बचत के साथ-साथ पंपिंग लागत और बिजली की खपत में भारी कमी लाएगी। योजना के पहले चरण में ही 150 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा सकेगा।

# ठेकेदार की गला काटकर हत्या बेड पर खून से लथपथ मिला शव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में ठेकेदार की गला काटकर हत्या कर दी गई। उसका खून से लथपथ शव घर में बेड पर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। घटना गुडंबा थाना क्षेत्र के अर्जुन एन्क्लेव में मंगलवार सुबह की है। यहां 46 वर्षीय ठेकेदार उमा शंकर सिंह मोहम्मद मुस्तकीम खान के यहां किराए पर रहते थे। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे उमा शंकर की परिचित युवती उनके कमरे पर काम करने पहुंची। कमरे में बाहर से ताला बंद था। युवती ने अपने पास रखी दूसरी चाबी से ताला खोला। वो कमरे के अंदर पहुंची तो देखा उमा शंकर का खून से लथपथ शव बेड पर पड़ा है। उसने मुस्तकीम को इसकी जानकारी दी। मुस्तकीम भी कमरे में पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस युवती और उसकी मां से पूछताछ कर रही है। मोहम्मद मुस्तकीम खान ने बताया कि फरवरी में वो अपने बेटे के पास बेंगलुरु गए थे। करीब 2 माह पहले कॉलोनी के गार्ड ने फोन करके उमा शंकर को किराए पर कमरा देने को कहा। उसने बताया कि उमा शंकर भले आदमी हैं। परिवार के साथ रहेंगे। उसके कहने पर उन्होंने उमा शंकर को किराए पर मकान दे दिया था। करीब 2 दो माह से वह उनके यहां किराए पर अकेले रहते थे। 10-15 दिन में एक बार ही आते थे।

# देश के पूंजीगत निवेश का इंजन बन रहा उत्तर प्रदेश

- हाल की रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 16.3 फीसदी हिस्सेदारी के साथ नंबर-1 रहने का अनुमान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडीचर) में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 फीसदी रहने का अनुमान है। यह सभी राज्यों में सबसे अधिक है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पूंजी व्यय में टॉप पर रहेगा।

उल्लेखनीय है कि पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना। बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से प्रस्तुत की गई हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। इन आंकड़ों में सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश का नाम आना इस बात का संकेत है कि राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास की रफ्तार तेज है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9 फीसदी पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे। योगी सरकार की ओर से पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे मेगाप्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे राज्य का कैपिटल एक्सपेंडिचर भी बढ़ा है और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। यही नहीं, केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त कोशिशों से यूपी को बजट आवंटन, परियोजनाओं की मंज़ूरी और वित्तीय सहायता में बड़ी बढ़त मिली है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और नगरीय विकास जैसे क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय को उल्लेखनीय बढ़ावा मिला है। रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10.6 फीसदी बढ़कर 69.4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12.3 फीसदी और पूंजीगत प्राप्तियां 6.6 फीसदी बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13.3 फीसदी राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11.3%), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5.9% प्रत्येक) रहेंगे। उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दर्शाती है कि योगी सरकार विकास की नई परिभाषा गढ़ रही है।

# लखनऊ में सौतेले पिता ने पत्नी के सामने बेटी को मार डाला

लखनऊ। महानगर थाना इलाके में सोमवार की देर रात को एक सौतेले पिता ने बेटी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी । बीच बचाव में बेटी की मां भी घायल हो गई। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि , विज्ञानपूरी कालोनी में रहने वाली रेखा राजपूत के पति जागेश की मौत 2014 में हुई थीं। इसके बाद रेखा ने विकास राजपूत से दूसरी शादी कर ली थी। उसकी बेटी सिमरन (19) इस शादी के खिलाफ थी। बावजूद वह अपनी मां और सौतेले पिता के साथ रहने को राजी हो गई। वह एमिटी कॉलेज से बीएससी कर रही थी। बेटी का अक्सर पिता से विवाद होता था। सोमवार को भी किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर पिता विकास किचन से चाकू लाया और बेटी सिमरन पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। बीच-बचाव में रेखा घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित पिता को हिरासत में लेकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने सिमरन को मृत घोषित कर दिया हैं।

# बाघ, तेंदुओं और अन्य हिंसक पशुओं से बचाव के लिए प्रदेश में बन रहे हैं, रेस्क्यू सेंटर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने मानव एवं वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में एक जरूरी कदम उठाया है। वन विभाग प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बाघ, तेंदुओं, सियार जैसे बड़े मांसाहारी जीवों के वन क्षेत्र के समीप के गांवों और शहरों में आये दिन होने वाले संघर्ष को कम करने के लिए रेस्क्यू सेंटर बना रहा है। ये रेस्क्यू सेंटर मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट में बनाये जा रहे हैं। जो क्रमशः पश्चिमी यूपी, तराई एवं अवध क्षेत्र और बुंदेलखण्ड में जंगलों से रिहाइश की ओर भागे हिंसक जानवरों को सेल्टर प्रदान करेगा। जिससे एक ओर इन वन्य जीवों को संरक्षण प्राप्त होगा तो वहीं दूसरी ओर वन क्षेत्रों के बफर एरिया और आस-पास रहने वाले ग्रामीणों को भी सुरक्षा मिलेगी। वन एवं वन्य जीव विभाग बाघ, तेंदुओं और सियार जैसे बड़े हिंसक पशुओं से संरक्षण और उनके मानवों से संघर्ष को कम के उद्देश्य से अत्याधुनिक 4 रेस्क्यू सेंटर स्थापित कर रहा है। ये रेस्क्यू सेंटर प्रदेश के 4 जिलों मेरठ के हस्तिनापुर वन्यजीव अभ्यारण्य, पीलीभीत के राष्ट्रीय उद्यान, महराजगंज के सोहागीबरवा वन्यजीव अभ्यारण्य और चित्रकूट के रानीपुर वन्य जीव अभ्यारण्य में बनाये जा रहे हैं। प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर की स्थापना का उद्देश्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के साथ वन क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामवासियों की इन हिंसक पशुओं से सुरक्षा प्रदान करना है। ये रेस्क्यू सेंटर विशेष रूप से पश्चिमी यूपी, तराई क्षेत्र, अवध और बुंदेलखण्ड के क्षेत्र को कवर करने के लिए मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट जिलों में बनाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज़ (सीएनडीएस) कर रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से लगभग 57 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी। रेस्क्यू सेंटर का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जल्द ही उनमें जरूरी मैन पावर और इक्युपमेंट की व्यवस्था कर इनका संचालन शुरू हो जाएगा। रेस्क्यू सेंटर के संचालन में वन विभाग का सहयोग करेगी एसडीआरएफ मुख्य वन संरक्षक ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर में आधुनिक सुविधाओं युक्त आवास, उपचार केंद्र, क्वारंटीन क्षेत्र, वॉच टावर और प्रशिक्षण हॉल भी बनाये गये हैं। इन रेस्क्यू सेंटरों में बाघ, तेंदुओं, सियार जैसे हिंसक पशुओं को त्वरित राहत व पुनर्वास की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू सेंटर के लिए जरूरी मैन पावर और इक्युपमेंट की पूर्ति राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के सहयोग से की जाएगी।

# जल निगम मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन, कर्मचारियों, पेंशनर्स ने जताई नाराजगी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में जल निगम मुख्यालय पर कर्मचारी और पेंशनर्स ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जमकर विरोध और नारेबाजी किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यूपी जल निगम के कर्मियों और पेंशनर्स को 6 माह से वेतन और पेंशन नहीं मिला। बिना वेतन के काम करना बेहद मुश्किल साबित हो रहा है। कार्यक्रम के संयोजक वाई. एन उपाध्याय ने बताया कि विगत 6 महीना से लगातार हम लोग गुहार लगा रहे हैं मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 6 महीने से वेतन न मिलने की वजह से कर्मचारी परेशान है। बिना पैसों के मां की दवाई बच्चों की पढ़ाई सब कुछ प्रभावित हो रहा है। कई ऐसे भी कर्मचारी हैं जिनके सामने रोजी-रोटी का संकट हो गया है। भीषण गर्मी में हम लोग प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और सरकार में बैठे हुए लोग लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं।

# लविवि के प्रोफ़ेसर रविकांत से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के अम्बेडकरवादी दलित प्रोफ़ेसर रविकांत समाज में फैल रही नफरत और हिंसा एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर लगातार आवाज उठाते और लिखते रहते हैं। इस बात से नाराज भाजपा सरकार ने उन पर मुकदमा कर उनको जेल भेजने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रोफ़ेसर रविकांत से मिलने के बाद एक एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राजनीति और जातिगत विद्वेष के कारण भाजपा सरकार योजनाबद्ध तरीके से एक दलित शिक्षक की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। प्रोफ़ेसर रविकांत के आवास पर मिलकर उक्त प्रकरण पर उनसे बातचीत की और आश्वासन दिया कि उनके साथ कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ खड़ी रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर कानूनी लड़ाई के साथ-साथ सरकार का घेराव भी किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफ़ेसर रविकांत ने बीते दिनों आरएसएस पर टिप्पणी की थी, जिससे नाराज एक छात्र ने हसनगंज थाने में तहरीर देकर रविकांत के विरूद्ध मुकदमा लिखने की मांग की थी। उसके बाद विश्वविद्यालय परिसर में रविकांत के पक्ष में एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया था।

# देश पर आपातकाल थोपने के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए : केशव प्रसाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस को देश पर आपातकाल थोपने के लिए माफी मांगनी चाहिए। पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को बंधक बनाने का काम किया। न्यायपालिका, मीडिया और समाज की सेवा करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। लोगों को यातनाएं दी गयीं। निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया। आपातकाल लगाकर सत्ता में बने रहने का रास्ता खोजा गया। यह संविधान के हत्यारे लोग हैं। संविधान के द्रोही व विरोधी लोग हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि असली समाजवादी जेपी के नेतृत्व में आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया। नकली समाजवादी पार्टी आज कांग्रेस की गोद में बैठे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा शासन का आपातकाल था 'सीधा देशद्रोह'। आजादी के बाद कांग्रेस के लोकतंत्र पर 'आपातकाल' के प्रहार ने याद दिला दिया था कभी न भूलने वाला मुग़लों और अंग्रेज़ों का अत्याचार। गांधी परिवार के हंटर से 'भारतीय लोकतंत्र की रूह कांप उठी' थी। दुर्भाग्य से आज भी कांग्रेस ख़ासकर गांधी परिवार उसी सोच में डूबा रहता है और वह 'मुगलई' व 'अंग्रेजियत' से मुक्त नहीं हो सका है।

# कथावाचन में एकाधिकार के लिए वर्चस्ववादी लोग पीडीए को कर रहे अपमानित : अखिलेश यादव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। कुछ वर्चस्ववादी लोग पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को अपमानित कर रहे हैं। कथावाचन में ये लोग समाज में अपना एकाधिकार बनाए रखना चाहते हैं। सच्चे भक्त अब भागवत कथा भी नहीं सुना पा रहे हैं। समाज में समानता और सम्मान की लड़ाई जारी रहेगी। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही। सपा अध्यक्ष मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए इटावा में कथावाचक मुकुट मणि यादव और संत कुमार यादव के साथ हुई अमानवीय घटना की निंदा कर रहे थे।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा जबरन विचारधारा थोपने में लगी है। कथावाचकों के साथ भेदभाव पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि कथावाचन के लिए सरकार एकाधिकार कानून लाए ? अब वर्चस्ववादी दक्षिणा भी नहीं लेंगे ? सपा अध्यक्ष ने कहा कि पहले ये लोग घर और मंदिर धुलवाते थे, अब सरेआम लोगों का मुंडन कराया जा रहा है। भाजपा सरकार में लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीडीए वर्ग के लोगों को न्याय से वंचित किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में भाजपा की सरकार को पिछले नौ साल से 2500 लोग चला रहे हैं। वही 2500 लोग इधर उधर खेल, खेल रहे हैं। सरकार में बैठे लोग कुछ भी कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने दलितों पर हो रहे अपराधों को गिनाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार जाए तो लोगों को चैन आए। एक सवाल का जवाब देते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा से निकाले गए तीनों विधायक भाजपा नेताओं के संपर्क में देखे जा रहे थे। हमने उन्हें पहले ही माफ कर दिया था, अब भाजपा भी उन्हें मंत्री बना ही दे। इटावा के पीड़ित कथावाचक मुकुट मणि यादव और संत कुमार यादव का पत्रकार वार्ता से पूर्व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं पार्टी नेताओं ने सम्मानित किया। अखिलेश ने उन्हें 21-21 हजार की धनराशि भेंट की। वहीं पार्टी की ओर से 51-51 हजार की मदद दी गई। जबकि इस दौरान मौजूद पार्टी नेताओं ने भी सहायता की।

# निपुणता की ओर बढ़ा उत्तर प्रदेश, योगी सरकार में शिक्षा बनी विश्वास का आधार

- 'निपुण भारत मिशन' के तहत योगी सरकार की ओर से किए गए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। जब प्राथमिक विद्यालयों की दीवारें उम्मीदों से सजने लगें, शिक्षक डायरी और टैबलेट के साथ कक्षा में प्रवेश करें, और स्मार्ट क्लास, गणित किट व लाइब्रेरी बुक्स बच्चों की आंखों में नई रोशनी भरने लगें, तब स्पष्ट हो जाता है कि उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था अब बदलाव के निर्णायक दौर से गुजरते हुए विश्वास का आधार बन रही है।

इसका ताज़ा प्रमाण हाल ही में आयोजित परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2024 में सामने आया, जहाँ उत्तर प्रदेश के कक्षा 3 के छात्रों ने राष्ट्रीय औसत से अधिक अंक अर्जित कर पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2024 में उत्तर प्रदेश के कक्षा 3 के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। राज्य ने भाषा में 68% और गणित में 64% औसत प्राप्त किया, जो राष्ट्रीय औसत (भाषा में 64% और गणित में 60%) से चार प्रतिशत अधिक है। यह न केवल राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश की मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है, बल्कि राज्य में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता में हुए सुधार का भी प्रमाण है। वर्ष 2017 में आयोजित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएसी) की तुलना में भी उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। भाषा में 10 प्रतिशत (58% से 68%) और गणित में 5 प्रतिशत (59% से 64%) की वृद्धि दर्ज की गई है। बता दें कि परख में निजी, परिषदीय, एडेड, मदरसा सभी प्रकार के विद्यालय शामिल थे। यह सिर्फ एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि 'निपुण भारत मिशन' के तहत योगी सरकार द्वारा किए गए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को मिशन मोड में लेकर चलते हुए जो ठोस और बहुआयामी कदम उठाए हैं, वे अब ज़मीनी स्तर पर स्पष्ट परिणाम दे रहे हैं। निपुण भारत मिशन और समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में किए गए कार्य राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा मानचित्र पर एक नई पहचान दिला रहे हैं। शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2026-27 तक बाल वाटिका से कक्षा 2 तक के बच्चों को पढ़ने-लिखने और गणना में ग्रेड स्तर की दक्षता दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में सुनियोजित शिक्षण के लिए संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, गणित किट, टीएलएम, लाइब्रेरी बुक्स, शिक्षक डायरी और 'तालिका' जैसे संसाधनों को उपलब्ध कराया जा चुका है। इतना ही नहीं, राज्य के 4.53 लाख से अधिक शिक्षकों व शिक्षामित्रों को ब्लॉक स्तर पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी पर आधारित दक्षताओं से सशक्त किया गया। कक्षा शिक्षण को रुचिकर और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण के उपरांत निरंतर शैक्षिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। हर विकासखण्ड में 5 एआरपी, प्रत्येक जनपद में 3 एसआरजी और प्रत्येक डायट में चयनित मेंटर्स द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की व्यवस्था विकसित की गई है, जिसके अंतर्गत एआरपी की ओर से प्रति माह 30, सीआरजी द्वारा 20 और डायट मेंटर के द्वारा 10 विद्यालयों का अवलोकन किया जा रहा है। साथ ही शिक्षक संकुलों की मासिक बैठकें नवाचार, फीडबैक और उत्कृष्ट शिक्षण अनुभवों के साझा मंच बनकर उभरी हैं। छात्रों के अधिगम स्तर की वास्तविक स्थिति को जानने के लिए 'तालिका', स्पॉट असेसमेंट, निपुण एसेसमेंट टेस्ट और निपुण विद्यालय आकलन जैसी प्रणाली अपनाई गई है। परिणामस्वरूप शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 48,061 विद्यालयों को 'निपुण विद्यालय' के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। इसी क्रम में परख की ओर से आयोजित राष्ट्रीय अधिगम मूल्यांकन सर्वेक्षण 2024 में उत्तर प्रदेश ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। कक्षा 3, 6 और 9 के बच्चों पर आधारित इस मूल्यांकन में कक्षा 3 के छात्रों ने भाषा और गणित दोनों विषयों में राष्ट्रीय औसत से अधिक अंक अर्जित किए, जो राज्य के प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार का प्रमाण है। यह पहली बार हुआ है जब किसी अखिल भारतीय आकलन में उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के छात्र राष्ट्रीय औसत से आगे रहे हैं। कक्षा 6 व 9 के प्रदर्शन ने भी सुधार की प्रवृत्ति को पुष्ट किया है। परख सर्वेक्षण के आयोजन के लिए एनसीईआरटी, नई दिल्ली ने उत्तर प्रदेश के लिए तत्कालीन एससीईआरटी निदेशक डॉ. पवन सचान को राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। उनके सक्षम नेतृत्व में संपन्न इस मूल्यांकन प्रक्रिया में प्रदेश के सभी 75 जिलों से 8,865 विद्यालय, 2,53,720 छात्र एवं 30,817 अध्यापक सहभागी बने। मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी रही। योगी सरकार की 'डिजिटल यूपी' परिकल्पना को साकार करते हुए राज्य के परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब और टैबलेट्स के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक तकनीकी संसाधनों से सुसज्जित किया गया है। वर्तमान में 31,600 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की जा चुकी है, जबकि 5,568 विद्यालयों में आईसीटी लैब कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 2.61 लाख टैबलेट्स शिक्षकों को वितरित किए जा चुके हैं, जिससे शिक्षण प्रक्रिया में तकनीक का समावेश सुनिश्चित हुआ है। डिजिटल शिक्षण को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान, लखनऊ में एक अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो की स्थापना भी की गई है। इन सभी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए शिक्षकों, मास्टर ट्रेनर्स और खंड शिक्षा अधिकारियों को डिजिटल शिक्षा आधारित विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

# शिव भोले मंदिर में धूमधाम से मनाया गया, माँ काली व साई बाबा का स्थापना दिवस





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जनपद हरदोई के प्रतिष्ठित श्री शिव भोले मंदिर नुमाइश चौराहा हरदोई मे भाजपा नेता पीके वर्मा द्वारा अपनी माता रामकली देवी व् पिता राजाराम की पुण्य स्मृति मे वर्ष 2010 मे मां भगवती महाकाली एवं साईं बाबा प्रतिमा की स्थापना की गई थीए जिसके उपरांत प्रति वर्ष मंदिर मे माता काली एवं साईं बाबा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इसी क्रम मे आज अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती व् क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र अनु मोर्चा पीके वर्मा की अगुवाई मे माँ महाकाली एवं साईं बाबा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर भक्तजन व श्रद्धालुओं ने देवी महाकाली एवं साईं बाबा का प्रात:कालीन श्रृंगार पूजन करए हरदोई नगर मे भव्य शोभा यात्रा निकाली। हरदोई नगर के श्री बाबा सिद्धनाथ मंदिर बड़ा चौराहा व् श्री बाबा तुरंत नाथ मंदिर छोटा चौराहा से होकर श्री शिव भोले मंदिर नुमाइश चौराहा मे यात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा के समापन उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मंदिर परिसर मे भंडारा का आयोजन करए प्रसाद वितरण तथा साईं संध्या का आयोजन करए सर्वजन कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर भारी संख्या मे भक्तजन व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## ताजिया दारों को रूट चेंज न करने की हिदायत दी गई



बैठक में बोलते क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा — फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** मोहर्रम को लेकर ताजिया दारों की बैठक क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में ताजिया दार मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा ने सभी ताजिया दारों से स्पष्ट रूप से कहा कि सभी ताजिया दार पहले से ही निश्चित रूट से ही ताजिया निकालेंगे। कोई भी रूट चेंज नहीं करेगा। वरना प्रशासनिक स्तर से कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी ने सभी से शांति, सद्भाव तथा भाईचारे के तहत मुहर्रम मनाने की अपील।

उन्होंने कहा अगर कहीं पर किसी अराजक तत्व द्वारा शांति में खलल डालने का प्रयास किया जा रहा है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें पुलिस हमेशा सेवा के लिए तैयार है। प्रभारी निरीक्षक उमेश त्रिपाठी ने भी सभी ताजिया दारों से निश्चित रूट से ही ताजियों को निकालने की अपील करते हुए परिचय किया और बताया कि पुलिस आपके सहयोग के लिए तत्पर है आप पुलिस का सहयोग बनाए रखें।

इस अवसर पर फूल मियां कुरैशी, इस्तेखार खां, सलीम अहमद बेग सहित बड़ी संख्या में ताजिया दार मौजूद रहे।

## यूपी में सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता को नई जिम्मेदारी



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश सरकार में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी को मध्यांचल क्षेत्र का मंत्री प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद सुनील अर्कवंशी ने सुभासपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के एक सामान्य सिपाही हैं। अर्कवंशी ने बताया कि उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन में सेवा को हमेशा प्राथमिकता दी है। अर्कवंशी ने कहा कि पद और सत्ता आती.जाती रहती है। उनका लक्ष्य समाज और संगठन को इतना मजबूत बनाना है कि भविष्य की राजनीति ओमप्रकाश राजभर के मिशन के आसपास केंद्रित हो। उन्होंने सुभासपा के मिशन को भी स्पष्ट किया। पार्टी का उद्देश्य शिक्षाए स्वास्थ्य और रोजगार के माध्यम से पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से काम कर रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे पड़ा मिला युवक डाक्टर ने किया मृत घोषित

**साण्डी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर के मोहल्ला नवाबगंज स्थित इंद्रा पार्क मे बेंच पर एक युवक को पड़ा देखा गया जिसके हाथ पैर अकड़ गए थे पार्क मे घूमने गए लोगों ने युवक को पड़ा देख पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से सी एच सी सांडी भेजा जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया आपको बता दे मोहल्ला नवाबगंज मे बिलग्राम चुंगी के निकट इंद्रा पार्क मे बेंच पर एक व्यक्ति को लेटा देखा गया पार्क मे टहलने गए लोगों ने ज़ब उसे कोई हरकत करते नहीं देखा तो पास जाकर देखा युवक मृड़ासन्न हालत मे पड़ा हुआ है मृतक की पहचान कमलेश ;35द्धपुत्र भोजराम निवासी ग्राम सहोरा थाना सांडी के रूप मे हुई मृतक नगर के दुपल्लू चौराहा के निकट कपड़ो मे प्रेस लगाने का कार्य करता था मृतक के पांच भाई है और दो पुत्रीयाँ है पत्नी दो माह से अपने मायके थाना माधोगंज के ग्राम बांसा मे है पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है एस एच ओ राकेश यादव ने बताया मामला संदिग्ध है पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### महिला से लाखों के जेवर व नगदी लेकर ठग रफूचक्कर

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** तीन लोगों ने अकेली महिला को बातों में उलझा कर उससे लगभग 10 लाख रुपए के जेवर व नगद 10000 रुपए की ठगी कर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। कस्बा के मोहल्ला पूर्वी पटेल नगर निवासी बृजेंद्र कुमार यादव जो कि रिटायर्ड सैनिक है उनकी पत्नी प्रेम कुमारी द्वारा सोमवार की शाम को जन सेवा केंद्र से 10000 रुपए निकालकर घर वापस पैदल जा रही थी वहीं रास्ते में लखनऊ पब्लिक स्कूल के सामने अज्ञात तीन व्यक्तियों ने उनसे बात करने लगे। बातो में उलझाकर भ्रमित कर वह उसके घर पहुंच गए तथा महिला को कुछ सुंघा कर अपनी बातों में कर लिया। फ्रि घर में रखा सोने का एक हार सेट, दो सोने की जंजीर, एक जोड़ी सुई धागा, झाला, झुमकी, मंगलसूत्र, तीन सोने की अंगूठी व रूपये 10000 महिला से लेकर के भाग गए जब महिला अपने होश में आई तो वह चिल्ला कर दौड़ने लगी लेकिन तब तक अज्ञात तीन लोग मोटरसाइकिल से भाग गए थाना अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि महिला ने स्वयं अपने हाथ से जेवर दिया है तहरीर मिली है जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया है सीसीटीवी फुटेज जांचकर कार्यवाही की जा रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-भदार, विकास खण्ड-साण्डी, हरदोई

पत्रांक-मेमो/निविदा/ राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त/2025-26 — दिनाँक-24.6.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त / केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो / भट्ठा मालिकों से दिनाँक-25.06.2025 से दिनाँक-27.06.2025 तक शाम 03:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनाँक-27.06.2025 शाम 04:00 बजे फर्मो अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री उपरोक्त अवधि मे सायं 05:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | प्राकलन के अनुसार स्वीकृत धनराशि | टेण्डर बिक्री की धनराशि | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैन रोड से सुशील के घर तक आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | सीमेण्ट, मौरंग, गिट्टी, लोहा, ईंट आदि | 484550.00 | 100 रु | दो सप्ताह |
| 2. | सुशील के घर से डामर रोड तक नाली निर्माण कार्य। | ईट, सीमेण्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू आदि | 368930.00 | 100 रु | दो सप्ताह |
| 3. | मंशाराम के घर से सियाराम के घर तक आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | सीमेण्ट, मौरंग, गिट्टी, लोहा, ईंट आदि | 499730.00 | 100 रु | दो सप्ताह |
| 4. | मैन रोड पर नाली निर्माण कार्य। | ईट, सीमेण्ट, मौरंग, गिट्टी, बालू आदि | 425050.00 | 100 रु | दो सप्ताह |
| 5. | महेश के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | ईट, सीमेण्ट, मौरंग, | 368670.00 | 100 रु | दो सप्ताह |

**नोट . नियम व शर्तो निम्नवत हैं**

1. एक अथवा समस्त निवेदाये, कोटेशन बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकता घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
3. समस्त सामग्री के आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत- भदार,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई

सचिव / ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- भदार,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई


## खड़े ट्रक में भिड़ी मोटरसाइकिल, एक युवक की मौत, एक घायल

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से मोटरसाइकिल सवार घूस गये। हादसे में एक युवक की मौतए एक युवक घायल हो गया। थाना क्षेत्र के ग़ल्ला मंडी के पास सोमवार को खड़े ट्रक में मोटरसाइकिल सवार रवि (20) पुत्र रामाश्रय और कमल (21) पुत्र जियालाल निवासी ग्राम शहजना खेड़ा थाना थाना सुरसा जनपद हरदोई अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम तपनौर से घर आ रहे थे कि गल्लामंडी के पास खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गए जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया जहां इलाज के दौरान रवि की मृत्यु हो गई। मौके पर पंचायत नामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम जिला अस्पताल भेजा गया।

## किशोरी को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र से एक किशोरी के लापता होने के मामले में पीड़ित पिता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार 23 जून की दोपहर करीब दो बजे उसकी साढ़े तेरह वर्षीय पुत्री को शाहजहांपुर जनपद के अल्लाहगंज कस्बा निवासी शिवम पुत्र नन्हे बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। उसने काफी तलाश किया उसकी पुत्री का कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, बिना हेलमेट बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत, चालक फरार

**बेनीगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र में विद्युत पावर हाउस के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बेनीगंज मार्ग पर प्रताप नगर की तरफ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में बिल्लू (23) पुत्र साधू रैदास और सौरभ (25) पुत्र सुशील रैदास, दोनों निवासी झरोइया शामिल हैं। तीसरे मृतक अभिषेक (26), जो सीतापुर जिले के लोहार खेड़ा कुतुब नगर के रहने वाले थे, बिल्लू और सौरभ के बहनोई थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर के बाद अज्ञात वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहिरोरी भेज दिया है।



## नाले में कूदकर की युवक ने आत्महत्या

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र के हरिद्वारी पुत्र स्व0 द्वारिका निवासी ग्राम भीठी नेवादा थाना हरियावां जनपद हरदोई जाति ;पासीद्ध द्वारा थाना संडीला में सूचना दी गयी कि आवेदक का लडका संदीप उम्र करीब 35 वर्ष भूसी लेकर घर से आईपीएल कम्पनी फेज.1 औद्योगिक क्षेत्र सण्डीला आया था जहां पर उसको बुखार आ जाने के कारण मानसिक रूप से समस्या हो गयी जिससे वह तरह.तरह की हरकते करना लगा बाद में सेफ्स्टि कम्पनी के सामने स्थित सडक लखनऊ हरदोई हाइवे मार्ग के किनारे नाले में कूद कर आत्महत्या कर ली आवेदक हरद्वारी द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर फौती सूचना दर्ज की गयी मृतक के पंचनामा की कार्यवाही की जा रही है लाईन आर्डर से सम्बन्धित कोई समस्या नही है ।वहीं मृतक संदीप की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया ।मृतक के पत्नी रेनू उम्र 33 वर्ष मृतक की 4 पुत्रियां अंशिकाए अनन्याएशीतलएऔर 1 महीने की गोद में पुत्री है ।मृतक बहुत ही गरीब है मजदूरी करके घर का पालन पोषण करता था। घर वालों का रोरोकर बुरा हाल है।



मृतक युवक की फाइल फोटो

### हसन अहमद को बनाया एनएसयू आई का जिला अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत पांडे को मिली लीगल सेल की कमान

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर, जिला कांग्रेस कमेटी हरदोई के जिलाध्यक्ष विक्रम पांडे द्वारा अग्रसारित नामों पर कार्रवाई करते हुए हसन अहमद को भारतीय एनएसयू राष्ट्रीय छात्र संगठन का जिला अध्यक्ष और अधिवक्ता लक्ष्मीकांत पांडे को लीगल सेल का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन मनोनयों पर कांग्रेस के जिला महामंत्री व पीसीसी सदस्य अमलेंद्र त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष सहित प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से पार्टी को जनपद स्तर पर नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आफताब हैदर, कुंवर अजीत सिंह चंदेल, देवेंद्र विक्रम सिंह, महासचिव राजेंद्र कुमार वर्मा, कमलेश रस्तोगी, लक्ष्मी प्रकाश मिश्रा, अंसार अहमद, शिवम पांडे, सुदर्शन दीक्षित सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल हैं।



## एसपी के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम अमखेरवा में महिला के साथ मारपीट करने के मामले में एसपी नीरज कुमार जादौन के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रिंकी पत्नी मोहनलाल के अनुसार वह 20 जून की रात में घर में अकेले थी उसका पति खेत पर गया था। रात को गांव की एक लड़की ने ठुन्नी के लड़के को उसकी छत पर मिलने के लिए बुलाया था। आहट होने पर उसने टार्च जलाकर देखा और टोका तो दोनों भाग गए। पति के आने पर 21 जून को वह लड़के के घर शिकायत लेकर गई तो रामरूप पुत्र कुबेरए निन्हा पुत्र रामस्वरूपएउसकी मांए ठुन्नी की पत्नी और प्रियंका ने उसे गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी दी। उसने थाना पुलिस को लिखित सूचना दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। 22 जून की शाम को वह घर में अकेले बच्चों के साथ थी। विपक्षी उसके घर में घुस आए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। उसने 112 पर काल की पुलिस आई और विपक्षियों को गाली देने से मना कर चली गई। तो विपक्षियों ने उसे गाली गलौज करते हुए कहा पुलिस उनका कुछ नहीं कर पाएगी। पीड़िता की लिखित तहरीर लेकर एसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंश निर्धारण व बटवारे की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जायेः अनुनय झा

■ जन सुनवाई में आयुष्मान का शतक पूराए जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना। आज जन सुनवाई में जिलाधिकारी ने कुल 139 शिकायतों को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्थाए विधवा व दिव्यांग पेंशन बनाई। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाये गए। आज जन सुनवाई के दौरान कुल 05 आयुष्मान कार्ड बनाये गए। इस प्रकार जिलाधिकारी अनुनय झा के आगमन के उपरांत जन सुनवाई में अब तक 100 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने जन सुनवाई में सभी उप जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अंश निर्धारण व बटवारे की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जाये। वादों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में धनराशि भुगतान में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। चकरोड पर कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये। पैमाइश के आवेदनों के निस्तारण में देरी न की जाये ।जीरो पावर्टी सर्वे के अंतर्गत पात्रों को सरकार की योजनाओं से आच्छादित कराया जाये। आय प्रमाण पत्र में सही आय दर्शाई जाये। भूमि विवाद के प्रकरणों में भूमि की थाकबंदी करायी जाये। तारांकित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाये। खण्ड विकास अधिकारी मल्लावां द्वारा तारांकित शिकायत पर रिपोर्ट प्रेषण में देरी पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान इसाक नाम के एक दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी तथा दुकान प्रारम्भ करने के लिये दिव्यांग जन कल्याण विभाग की ओर से 20 हजार रूपये की धनराशि देने की कार्रवाई प्रारम्भ करायी गयी। चेतई नाम के एक व्यक्ति की मौके पर ही वृद्धावस्था पेंशन व आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। सीमा नाम की एक महिला ने बताया कि उसके पति की मृत्यु करीब 20 साल पहले हो चुकी न तो उनके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बन पाया है और न ही उनकी विधवा पेंशन बन पायी है। जिलाधिकारी ने तत्काल उनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर पेंशन बनवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उनका राशन कार्ड भी बनवाया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राकेश सिंहए जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## देहात के नौ तालाबों पर भू-माफियाओं ने कर डाली प्लाटिंग, कैसे मिले शहर को जलभराव से मुक्ति



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** कांग्रेस कमेटी हरदोई के निवर्तमान जिला एवं शहर अध्यक्ष द्वारा शहर के एक दर्जन जनउपयोगी तालाबों पर भू-माफियाओं द्वारा किये गए अतिक्रमण के संदर्भ में भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए एन्टी भू-माफियाओं कार्यवाही को बताया शून्य।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष एवं हरदोई सदर से कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी रहे आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार के आठ सालों में भू-माफियाओं द्वारा शहर के एक दर्जन तालाबों पर अतिक्रमण कर अवैध प्लाटिंग कर दी गयी। यह बहुत आश्चर्य जनक है कि मुख्यमंत्री लगातार भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं फिर भी हरदोई के जिला प्रशासन की कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। सर्वोच्च न्यायालय ने भी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त किये जाने को लेकर आदेश पारित किया हुआ है मगर हरदोई के प्रशासन को न मुख्यमंत्री के निर्देशों को मानना है और न ही सर्वोच्च न्यायालय के। जैसा कि सर्वविदित है कि हरदोई शहर पिछले कई वर्षों से जल भराव की समस्या से जूझ रहा है इसका प्रमुख कारण जिला हरदोई में अंडर नगर पालिका, हरदोई एग्रीकल्चर एरिया, शहर के समीप की ग्राम सभा हरदोई देहात, चांद बेहटा, में स्थित तालाबों पर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त भू माफ्यिाओं द्वारा तहसील प्रशासन सदर की मिलीभगत से तालाबो का पाटकर प्लाटिंग कर दी गई है। आपको अवगत कराना है कि पूर्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा समय समय पर शिकायत भी की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है इस अवैध प्लाटिंग के प्रकरण से संबंधित कुछ जानकारी आपके समक्ष रखकर आपसे अनुरोध करना है कि तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने की कृपा करे। जिनमे (1) हरदोई देहात की गाटा संख्या 709 जिसमें कई किसानों के नाम जमीन दर्ज है इसी गाटा संख्या 709 में 709 छ रकबा 0.0510 तालाव के नाम दर्ज है भू-माफियाओं ने इस तालाब पर प्लाटिंग कर दी है और अगर कोई शिकायत करता है तो भू माफियाओं द्वारा किसी अन्य खाली जमीन को तालाब की जमीन दिखाकर प्रकरण को बंद करवा देते हैं (2) हरदोई एग्रीकल्चर की गाटा संख्या 1759 जो एक बड़ा नंबर है और कई काश्तकारो के नाम जमीन दर्ज है इस गाटा संख्या में कुछ केवट पट्टी भी है इन खेवट पट्टी में जलमग्न भूमि, तालाब दर्ज है लेकिन भू-माफियाओं ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कुछ किसानों के माध्यम से ज्यादा तर जमीन पर प्लाटिंग कर दी है भू-माफियाओं ने काश्तकार लोगो से दर्ज रकबे से अधिक जमीन विक्रय करा कर क्रेताओं को कब्जा जलमग्न भूमि, दर्ज तालाबों पर करा दिया है जिसकी जांच अति आवश्यक है। (3) जिला हरदोई की ग्राम सभा हरदोई देहात की गाटा संख्या 1661, 1652, 1642, 1643, 1644, 1645, 1646, 1647, 1648 राजस्व अभिलेख में तालाब में दर्ज है व 1652 मरघट व 1651 आबादी के रूप में दर्ज है मई 2025 में की गई शिकायत की जांच आख्या में यह साफ तौर पर माना गया है कि जो हरदोई देहात के नौ तालाब है उन पर प्लाटिंग कर अतिक्रम हो चुका है अवैध इमारतें खड़ी हैं।

आपको बताते चले कि यह अब तक का सरकारी जमीन बेचने का सबसे बड़ा मामला है। भू-माफियाओं ने एक सोची समझी रणनीति के तहत तालाब के समीप स्थित नंबर गाटा संख्या 1640, 1641, 1650, 1651, 1652क, 1653, 1656, 1659, 1661क, जो कि पूर्व में हिफाजत अली, रियासत अली, लियाकत अली, गुलज़ार अली, पुत्र मुन्नू व नफीसा पत्नी मुन्नू निवासी हरदोई का नाम खतौनी में दर्ज था इन सभी ने अपने जीवनकाल में ही अपनी समस्त जमीन पर प्लाटिंग कर विक्रय कर दी थी और जिन लोगों को जमीन विक्रय की थी वो आज भी इन गाटा संख्याओ पर मकान बना कर नियम पूर्वक रह रहे हैं। महोदय संज्ञान में लाना है कि हिफाजत अली रियासत अली लियाकत अली गुलज़ार अली व नफीसा की मृत्यु के बाद इनके वारिसान जनों के द्वारा सदर तहसील की मिलीभगत से तथ्यों को छुपाकर अपना नाम उस खतौनी पर दर्ज करा दिया गया जिस खतौनी की जमीन को बेचा जा चुका था और इन्हीं गाटा संख्या को डालकर जमीन का विक्रय किया गया लेकिन कब्जा तालाब की जमीन पर दिया गया इस तरह से जिला हरदोई की ग्राम सभा हरदोई देहात के नौ तालाबों पर भू-माफियाओं ने प्लाटिंग कर डाली। जांच का विषय यह है कि जिन भू खंडों में जमीन शेष नहीं बची उसमें किस आधार पर इनको अंकित कर दिया गया। ऐसा स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि इस पुरे प्रकरण में पूर्ण रूप से सदर तहसील की मिली भगत है। अभी तक कार्यवाही के नाम पर सिर्फ 67 की कार्यवाही कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है तालाबों को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया है। इस पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से निवर्तमान शहर अध्यक्ष एवं सभासद जमील अहमद अंसारी, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष साधू सिंह, युवा कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष भुवनेश प्रताप सिंह, निवर्तमान जिला कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश मिश्रा, निवर्तमान जिला सचिव राजेश पाण्डेय, इस्लाम गाजी, अभय कुशवाहा, सुरेंद्र पाल सिंह यादव, निकेश सिंह यादव, शैलेन्द्र वर्मा, आदि साथी मौजूद रहे।

## कक्षा 12 तक सरकार मुफ्त देगी शिक्षा



निराला वर्मा



प्रियांशी



शैलेन्द्र कुमार

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** उच्च प्राथमिक स्कूल आगमपुर के तीन छात्र छात्राओं ने शासन की 2025 की श्रेष्ठ परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों और गुरुजनों का सम्मान बढ़ाया है। अब इन तीनों छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश दिलाकर कक्षा 9 से कक्षा 12 तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगी।

उच्च प्राथमिक स्कूल आगमपुर के छात्र निराला वर्मा, प्रियांशी और शैलेंद्र कुमार ने शासन द्वारा संचालित श्रेष्ठ परीक्षा 2025 में प्रतिभाग किया था। जिसमें तीनों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के विज्ञान अध्यापक होरीलाल राजपूत ने बताया शासन से इन तीनों बच्चों को कक्षा 9 से कक्षा 12 तक इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला कराकर मुफ्त शिक्षा प्रदान करावेगी। होरीलाल राजपूत ने बताया तीनों बच्चे स्कूल के होनहार बच्चे हैं । उन्होंने इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी छात्र.छात्राओं से अपील की है कि परीक्षा में सफलता मेहनत से मिलती है, जो बच्चे परीक्षा में सफल नहीं हो पाए वह आने वाली परीक्षा की तैयारी करें और अपना मनोबल न गिराये और मेहनत से पढ़ें। सफलता हंड्रेड परसेंट मिलेगी। उन्होंने कहा कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है इसलिए लगातार चींटी की तरह पहाड़ पर चढ़ने का प्रयास करते रहिए सफलता हरहाल में आपके कदम चूमेगी।

## ईरान पर अमेरिकी हमला

डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेताओं के हाथ में सत्ता आ जाने का कितना खतरनाक अंजाम होता है, इसका उदाहरण रविवार को फिर से दुनिया ने देख लिया। इजरायल और ईरान के बीच पिछले 10 दिनों से चल रहे युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा। ईरान के फोर्डो, नतांज और एस्पहान इन तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बम गिराए और वापस लौट गए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए इस अभियान को एक श्शानदार सफलताश बताया। साथ ही उम्मीद जताई कि उनका यह कदम एक स्थायी शांति का रास्ता खोलेगा, जिसमें ईरान के पास परमाणु शक्ति बनने की संभावना नहीं रहेगी। अभी गुरुवार तक ट्रंप कह रहे थे कि वो दो हफ्ते तक विचार करेंगे, इसके बाद कोई फैसला लेंगे। इससे पहले कनाडा से लौट कर ट्रंप ने ईरान को बिना शर्त समर्पण करने कहा था। ट्रंप को लगा होगा कि ऐसी घुड़की काम कर जाएगी, लेकिन ईरान की तरफ से सुप्रीम नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने भी बता दिया कि ईरान सरेंडर करने वाली कौम नहीं है। खामनेई ने यह भी कहा कि मुझे मारकर भी अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा, क्योंकि ये युद्ध ईरान की सेना, उसके युवा लड़ रहे हैं। खामनेई को ऐसा वक्तव्य शायद इसलिए देना पड़ा क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलेआम उन्हें मारने की धमकी दी। दुनिया में बहुत से बड़े युद्ध हुए हैं, लेकिन किसी देश के नेता ने दुश्मन देश के नेता की हत्या की धमकी दी हो, इसके उदाहरण कम हैं। युद्ध में एक देश, दूसरे देश को मात देने की बात करता है, गुंडों की तरह हत्या की नहीं। मगर अमेरिका और इजरायल ये दोनों इस समय पूरे दुनिया में अपनी गुंडागर्दी चलाते दिख रहे हैं और इनकी वजह से फिर विश्व युद्ध का खतरा खड़ा हो गया है।

**इजरायल और ईरान के बीच पिछले 10 दिनों से चल रहे युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा। ईरान के फोर्डो, नतांज और एस्पहान इन तीन परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने बम गिराए और वापस लौट गए। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए इस अभियान को एक श्शानदार सफलताश बताया। साथ ही उम्मीद जताई कि उनका यह कदम एक स्थायी शांति का रास्ता खोलेगा, जिसमें ईरान के पास परमाणु शक्ति बनने की संभावना नहीं रहेगी।**

विडंबना ये है कि ट्रंप और नेतन्याहू कहते हैं कि शक्ति से ही शांति आएगी। यानी अब विश्वशांति की परिभाषा भी इनके हिसाब से लिखी जाए, ऐसा माहौल बनाया जा रहा है। इसके बाद अगर ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिल भी जाए, तो क्या आश्चर्य। जब शांति के तकाजे बदल रहे हैं तो फिर गुंडों को ही रक्षक और शांतिदूत माना जाएगा। दुख की बात ये है कि इस पूरे प्रकरण में भारत की भूमिका दुनिया की निगाह में संदिग्ध हो रही है। नरेन्द्र मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री ने अमेरिका या इजरायल के खिलाफ इस तरह की असमर्थता नहीं दिखाई कि उनके गलत फैसलों पर कुछ न बोलें, पीड़ितों के साथ खड़े न हों। शनिवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने मोदी सरकार को आगाह किया था कि अब भी देर नहीं हुई है, इजरायल के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। वहीं रविवार को फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि आज ईरान की बारी है, कल हमारी होगी। लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक प्रधानमंत्री का कोई आधिकारिक बयान इस पर नहीं आया है। जबकि भारत स्थित ईरानी दूतावास और इजरायली दूतावास अपने-अपने देशों का पक्ष रख रहे है। ट्रंप को नोबेल पुरस्कार देने की सिफारिश करने वाला पाकिस्तान भी अमेरिका के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए उसकी निंदा कर रहा है, लेकिन हमारा नेतृत्व अभूतपूर्व तरीके से चुप है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी फैसले से संघर्ष बढ़ने पर श्अराजकता का सिलसिलाश शुरू हो सकता है क्योंकि मध्य पूर्व पहले से ही तनाव की स्थिति में है। लेकिन ट्रंप की धमकी है कि जरूरत पड़ी तो इस तरह के हमले और किए जाएंगे। दरअसल इस हमले के बाद भी ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय परमाणु निगरानी एजेंसी आईएईए ने बताया है कि ईरान के तीन परमाणु ठिकानों, जिनमें फोर्दो भी शामिल है, पर हुए हमलों के बाद अभी तक वहां के आसपास के इलाकेंध में रेडिएशन बढ़ने की कोई खबर नहीं है। इसका मतलब ये है कि अमेरिका जो नुकसान पहुंचाना चाहता था, वह ईरान को नहीं पहुंचा है। तो अब सवाल है कि क्या अमेरिका फिर से कोई नया हमला करेगा। हालांकि अब ट्रंप अपनी मनमानी जारी रख पाएंगे, इसमें संदेह है क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बिना किया गया हमला अब ट्रंप को भारी पड़ सकता है। ट्रंप को उम्मीद है कि अमेरिकी हमलों से ईरान बातचीत की मेज पर ज्यादा रियायतें देने को मजबूर होगा।

## आपातकाल और महिला योगदान: मौन प्रतिरोध से जनजागरण तक

पायल लक्ष्मी सोनी

**आपातकाल में हजारों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ, विद्यार्थी परिषद और समाजवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ता भूमिगत हो गए थे। ऐसे समय में उनके घर की महिलाएं-माताएं, बहनें, पत्नियां न केवल परिवार का भार उठाए रहीं बल्कि सरकार की जासूसी, पूछताछ और धमकियों का सामना भी करती रहीं। इन महिलाओं ने न केवल जेल में बंद पतियों और बेटों के लिए भोजन व वस्त्र पहुँचाने का कार्य किया, बल्कि पुलिस की निगरानी में सुरक्षित संदेश पहुँचाना, सूचनाएं लाना-ले जाना भी उनके कार्यों का हिस्सा बन गया। ये महिलाएं स्वतः संगठन की महिला शाखाओं के माध्यम से बैठकें आयोजित करतीं, प्रचार सामग्री छपवातीं, और समाज में सरकार के असंवैधानिक कृत्यों के विरुद्ध जनमत तैयार करती थीं। राष्ट्र सेविका समिति, जनसंघ की महिला मोर्चा, विद्यार्थी परिषद की छात्रा इकाईयां तथा अन्य राष्ट्रवादी संगठनों की महिलाएं बड़ी संख्या में गुप्त बैठकों का संचालन करती रहीं। इन बैठकों में नवयुवतियों को सत्य, धर्म, राष्ट्रभक्ति, त्याग और साहस के लिए तैयार किया जाता था।**

25 जून 1975 की वह रात भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे काली रातों में से एक थी, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा की। संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत ल्लआंतरिक अशांतिङ्क का हवाला देकर जबरन नागरिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को कुचल दिया गया, हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बिना मुकदमा जेल में डाल दिया गया। उस समय भारत में संघ, जनसंघ, समाजवादी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, वामपंथी छात्र संगठनों आदि से जुड़े लाखों कार्यकर्ताओं को बंदी बनाया गया। इस ऐतिहासिक संकट काल में जब पुरुषों के नेतृत्व पर अंकुश लग गया, तब देश की स्त्रियों ने एक अदृश्य लेकिन सशक्त भूमिका निभाई। यह भूमिका केवल 'पीड़ित' बनने की नहीं थी, बल्कि संगठन, प्रचार, सुरक्षा, संचार और प्रतिरोध के विविध रूपों में थी।

आपातकाल में हजारों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ, विद्यार्थी परिषद और समाजवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ता भूमिगत हो गए थे। ऐसे समय में उनके घर की महिलाएं-माताएं, बहनें, पत्नियां न केवल परिवार का भार उठाए रहीं बल्कि सरकार की जासूसी, पूछताछ और धमकियों का सामना भी करती रहीं। इन महिलाओं ने न केवल जेल में बंद पतियों और बेटों के लिए भोजन व वस्त्र पहुँचाने का कार्य किया, बल्कि पुलिस की निगरानी में सुरक्षित संदेश पहुँचाना, सूचनाएं लाना-ले जाना भी उनके कार्यों का हिस्सा बन गया। ये महिलाएं स्वतः संगठन की महिला शाखाओं के माध्यम से बैठकें आयोजित करतीं, प्रचार सामग्री छपवातीं, और समाज में सरकार के असंवैधानिक कृत्यों के विरुद्ध जनमत तैयार करती थीं। राष्ट्र सेविका समिति, जनसंघ की महिला मोर्चा, विद्यार्थी परिषद की छात्रा इकाईयां तथा अन्य राष्ट्रवादी संगठनों की महिलाएं बड़ी संख्या में गुप्त बैठकों का संचालन करती रहीं। इन बैठकों में नवयुवतियों को सत्य, धर्म, राष्ट्रभक्ति, त्याग और साहस के लिए तैयार किया जाता था। कई महिलाएं स्वयं भी जेल भेजी गईं। लखनऊ, बनारस, भोपाल, पुणे, जबलपुर, नागपुर, रायपुर, दिल्ली, अजमेर जैसे कई शहरों में बड़ी संख्या में महिलाएं अनुच्छेद 21 के उल्लंघन के तहत बंद की गईं, क्योंकि उन्होंने संसद की इज्जत बचाओ या लोकतंत्र की बहाली करो जैसे पर्चे बांटे थे। आपातकाल के समय सरकार के पक्ष में झूठा प्रचार, सरकारी आकाशवाणी और समाचार पत्रों के माध्यम से फैलाया जा रहा था। ऐसे समय में महिलाओं ने समाज को सच्ची सूचनाएं पहुँचाने का बीड़ा उठाया। राष्ट्र सेविका समिति की कार्यकर्ता रेखा दीदी (पुणे), पद्मा टंडन (दिल्ली), शोभा जोशी (नागपुर), सुशीला जैन (भोपाल), सरोज बिष्ट (लखनऊ) इत्यादि ने मोहल्लों, मंदिरों, पाठशालाओं में नारी चेतना शिविर, धार्मिक प्रवचन, संस्कृति शिक्षा जैसे माध्यमों से सरकार की नीतियों के विरुद्ध चेतना जगाई। आपातकाल के दौरान कई महिलाएं लंबे समय तक जेलों में रहीं। वहाँ उन्होंने हिंदू धर्मग्रंथों का अध्ययन, भजन, पाठ, तथा विचार गोष्ठियों का आयोजन किया। आपातकाल पर बहुत कुछ जेपी द्वारा तैयार की गई 'जेल डायरी' आज भी इतिहास का अमूल्य दस्तावेज हैं। उस समय जब सेंसरशिप के कारण अखबारों में सत्य छपना बंद हो गया था, तब महिलाओं ने हस्तलिखित समाचार पत्रों का निर्माण किया। दिल्ली, बनारस और पुणे में अनेक शिक्षित युवतियों ने मिलकर गुप्त पत्रक प्रकाशित किए , इन पत्रकों के माध्यम से लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, नानाजी देशमुख, तथा दीनदयाल उपाध्याय के विचार जनता तक पहुँचाए जाते थे। आपातकाल ने महिलाओं में यह आत्मचिंतन उत्पन्न किया कि लोकतंत्र केवल मत डालने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह एक सतत सांस्कृतिक जागरण है। इस विचार से प्रेरित होकर कई महिला कार्यकर्ताओं ने शिक्षा, सेवा, स्वावलंबन के कार्यों को अपना जीवन ध्येय बना लिया। आपातकाल के पश्चात 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार आई, तब अनेक महिला कार्यकर्ताओं ने स्कूल, छात्रावास, सेवा केंद्र, आत्मरक्षा प्रशिक्षण के कार्य प्रारंभ किए, जिससे समाज में सशक्त नारी चेतना का विकास हुआ। सुश्री लीलावती सिंह (लखनऊ) को आपातकाल के दौरान पर्चे बाँटने के आरोप में 6 महीने की जेल हुई। वे जेल में बालिकाओं को गीत, योग और देशभक्ति की शिक्षा देती रहीं। प्रो.सावित्री मेनन (केरल) ने अपनी छात्राओं को प्रेरित किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए आंदोलन करें। कई छात्राओं ने इसके लिए निलंबन भी झेला। श्रीमती शांता देवी, जिनका घर लखीमपुर में संघ की गुप्त बैठकों के लिए प्रयोग होता था। उन्होंने अपने परिवार को खतरे में डालकर देशभक्त कार्यकर्ताओं को शरण दी। आपातकाल के दौर की नारी शक्ति हमें यह सिखाती है कि यदि स्त्री जाग जाए, तो देश जागता है। लोकतंत्र की रक्षा केवल कानूनों से नहीं, बल्कि समाज की नैतिक चेतना से होती है, जिसे महिलाओं ने संजोया। आज जब हम 2025 में 50 वर्षों बाद आपातकाल की स्मृति पर विचार करते हैं, तो यह समझना आवश्यक है कि उस समय स्त्रियों ने न केवल लोकतंत्र को जीवित रखा, बल्कि भारतीय संस्कृति, धर्म, और परिवार की गरिमा को भी बचाए रखा। उनकी भूमिकाएँ अदृश्य थीं, लेकिन उनका प्रभाव अमिट है।

## पचास साल पहले लिखा गया भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय!

पीयूष त्रिपाठी

**इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद सम्पूर्ण विपक्ष लामबंद हो गया। विपक्ष के सबसे बड़े नेता जय प्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी के इस्तीफ़े की मांग के साथ अनिश्चितकालीन आन्दोलन का ऐलान किया। 25 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित एक रैली में जेपी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता की मशहूर पंक्तियां पढ़ीं कि '' सिंहासन खाली करो कि जनता आती है''। इससे युवाओं के खून में उबाल आ गया और उनका जोश और बढ़ गया। जेपी ने सेना और पुलिस का भी आव्हान किया कि वह सरकार के गलत फैसलों में सहयोग न करें।**

आज से ठीक पचास साल पहले जब लोग सुबह सोकर उठे तो रेडियो पर एक आवाज गूंज रही थी। यह आवाज थी भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जो आकाशवाणी के जरिए देशवासियों को एक संदेश दे रही थीं कि भाइयों और बहनों राष्ट्रपति जी ने देश में आपातकाल की घोषणा की है और इसमें आतंकित होने का कोई कारण नहीं है। इसके बाद जो हुआ उसे अगर भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय कहा जाए तो गलत नहीं होगा। आज उसी आपातकाल के पचास वर्ष बीत चुके हैं लेकिन जिन लोगों ने उसे देखा और भोगा था उनके अनुभवों को सुनकर दिल दहल जाता है। जिस दिन इंदिरा गांधी ने रेडियो पर यह संदेश दिया था उससे एक रात पहले यानी पच्चीस जून 1975 को ही देश में आपातकाल लागू कर दिया गया था। आधी रात में ही विपक्ष के सबसे बड़े नेता जय प्रकाश नारायण सहित तमाम विपक्षी नेताओं को उनके घर से सोते से उठाकर रातों रात जेल भेज दिया गया। इस आपातकाल की पृष्ठभूमि में था 1971 में हुआ रायबरेली का लोकसभा चुनाव जिसमें इंदिरा गांधी ने राजनारायण को हराकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए राजनारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी यशपाल कपूर ने सरकारी नौकरी से इस्तीफा मंजूर हुए बगैर ही इंदिरा गांधी के चुनाव प्रभारी के रूप में काम करना शुरू कर दिया और इस चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ। 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी को भ्रष्ट आचरण का दोषी मानते हुए उनके चुनाव को रद्द कर दिया और उनके छह साल तक चुनाव लड़ने पर पाबंदी भी लगा दी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद सम्पूर्ण विपक्ष लामबंद हो गया। विपक्ष के सबसे बड़े नेता जय प्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी के इस्तीफ़े की मांग के साथ अनिश्चितकालीन आन्दोलन का ऐलान किया। 25 जून 1975 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित एक रैली में जेपी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता की मशहूर पंक्तियां पढ़ीं कि '' सिंहासन खाली करो कि जनता आती है''। इससे युवाओं के खून में उबाल आ गया और उनका जोश और बढ़ गया। जेपी ने सेना और पुलिस का भी आव्हान किया कि वह सरकार के गलत फैसलों में सहयोग न करें। इससे इंदिरा गांधी की बौखलाहट बढ़ गई और वह समझ गईं कि जय प्रकाश नारायण उनके लिए मुसीबत खड़ी कर सकते हैं। इसके बाद इंदिरा गांधी ने जो किया वह लोकतंत्र का काला अध्याय कहा जाता है जिसे लिखे हुए आज पचास साल हो गए हैं। आपातकाल लागू होते ही सरकार की आलोचना करने वालों को जेल भेजा जाने लगा। दिल्ली में बड़े अखबारों के दफ्तर की बिजली काट दी गई जो तीन दिन बाद बहाल की गई। प्रेस सेंसरशिप भी लागू हो गई। यानी अखबार में कुछ भी छपने से पहले सरकार की नजर से होकर ही जाएगा। मेंटीनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट यानी 'मीसा' नाम से एक ख़तरनाक कानून लागू किया गया जिसके तहत सरकार की आलोचना करने वाले किसी भी व्यक्ति को जेल भेजा जाने लगा। इंदिरा गांधी के छोटे बेटे संजय गांधी की मनमानियां शुरू हो गईं। लोगों को पकड़-पकड़ कर उनकी जबरिया नसबंदी की जाने लगी जिसमें तमाम कुंवारे युवक भी थे। देश में आतंक का माहौल बन गया। जो कोई भी सरकार या आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश करता उसे जेल भेज दिया जाता और जेल में भयंकर यातनाएं दी जाती। ऐसी ही यातनाओं को सहन करने वालों में एक नाम है कन्नड़ फिल्म अभिनेत्री स्नेहलता रेड्डी का जिनकी इन यातनाओं ने जान भी ले ली। दरअसल स्नेहलता रेड्डी आपातकाल का विरोध करने के लिए सड़क पर उतर आईं। उनकी बड़े समाजवादी नेता जार्ज फर्नांडीज से मित्रता भी थी जो बड़ौदा डायनामाइट केस में फरार थे। पुलिस को शक था कि स्नेहलता रेड्डी जानती हैं कि जार्ज कहां छुपे हैं। बस इसी शक में पुलिस ने स्नेहलता को गिरफ्तार करके बंगलूरू जेल में एक ऐसी काल कोठरी में बंद कर दिया जहां ठीक से खड़ा भी न हुआ जा सके। वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर ने अपनी पुस्तक इमरजेंसी री-टोल्ड में लिखा है कि जिस कोठरी में स्नेहलता रेड्डी को रखा गया था उसके एक छोर पर पेशाब करने के लिए एक नाली थी और दूसरे छोर पर एक लोहे का दरवाजा था। स्नेहलता रेड्डी को इस कोठरी में तमाम रातें गुजारनी पड़ीं। स्नेहलता इस जेल में आठ महिने बंद रहीं जहां उन्हें तमाम यातनाएं सहनी पड़ीं। इसका जिक्र उन्होंने अपनी डायरी में भी किया है जिसे बाद में 'अ प्रिजन डॉयरी' के नाम से प्रकाशित किया गया। इसी जेल में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, भाजपा के वरिष्ठतम नेता लालकृष्ण आडवाणी और बड़े समाजवादी नेता प्रोफ़ेसर मधु दंडवते भी बंद थे। मधु दंडवते ने लिखा है कि अक्सर रात में एक महिला की हृदयभेदी चीखें मुझे अपने 'सेल' तक सुनाई पड़ती थीं। आठ महिने बाद हालत बिगड़ने पर स्नेहलता रेड्डी को 15 जनवरी 1977 को रिहा कर दिया गया। रिहाई के पांच दिन बाद ही उनका हार्ट अटैक से निधन हो गया। आपातकाल छह महीने का होता है लेकिन इंदिरा गांधी इसे बढ़ाती रहीं और यह 21 महिने तक लागू रहा और 21 मार्च 1977 को समाप्त हुआ। आपातकाल के बाद हुए चुनावों में विपक्ष की शानदार जीत हुई और कांग्रेस की बुरी तरह हार। इंदिरा गांधी और संजय गांधी समेत तमाम बड़े कांग्रेस नेता चुनाव हार गए। आपातकाल की इन त्रासदियों को याद रखने के लिए केन्द्र सरकार ने पिछले ही वर्ष इसे 'संविधान हत्या दिवस' घोषित कर दिया है। उम्मीद करनी चाहिए कि भविष्य में कभी भी ऐसा समय दोबारा न आए।

## कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**पूर्व प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दर्शाता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस के मूल चरित्र को दर्शाता है। आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया। एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में डाल दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। इंदिरा गांधी ने खुद को ही कानून बना लिया था।**

भारतीय लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 'तानाशाही' के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी। 25 जून 2025 को कांग्रेस की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, ''कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए। 20 नवंबर, 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, ''आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफ़ी नहीं मांगी। ख़ासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफ़सोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। ग़ैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर ख़ामोश ही रही। माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दर्शाता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस के मूल चरित्र को दर्शाता है। आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया। एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में डाल दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। इंदिरा गांधी ने खुद को ही कानून बना लिया था। इंदिरा गांधी में प्रतिशोध की भावना की सारी सीमाएं टूट गई थीं। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने देश के संवैधानिक संस्थाओं और मर्यादाओं के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका खामियाजा आज तक देश भुगत रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने जुलाई 2015 में कहा, ''हमें क्यों माफी मांगनी चाहिए? हम क्यों आपातकाल पर चर्चा करें?'' मार्च 2021 को राहुल गांधी ने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आपातकाल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक गलती थी बिलकुल, वह एक गलती थी। और मेरी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी ऐसा कहा था। मई 2004 में इंडियन एक्सप्रेस के तत्कालीन प्रधान संपादक शेखर गुप्ता के साथ बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा था कि उनकी सास ने बाद में महसूस किया था कि यह एक गलती थी। सोनिया गांधी ने तब कहा था, ''ठीक है, मेरी सास ने खुद चुनाव हारने के बाद (1977 में) कहा था कि उन्होंने उस (आपातकाल) पर पुनर्विचार किया था। और यह तथ्य कि उन्होंने चुनाव की घोषणा की, इसका मतलब है कि उन्होंने आपातकाल पर पुनर्विचार किया था। बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। कांग्रेस सांसदों ने प्रस्ताव विरोध में कहा कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? निर्लज्जता की पराकाष्ठा देखिए जिस कांग्रेस के नेता ने केवल अपनी सत्ता कायम रखने के लिए आपातकाल लगाया, इन दिनों उसी पार्टी के नेता संविधान रक्षक होने का दावा करते घूमते हैं। 2024 के आम चुनाव से इंदिरा गांधी के पोते राहुल गांधी लगातार संविधान की एक किताब को सार्वजनिक रूप से लहराकर यह दावा करते रहते हैं कि कांग्रेस ही संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वास्तविक संरक्षक है, जबकि सच्चाई यही है कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान के आत्मा को क्षति पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिसंबर 2024 को लोकसभा में संविधान पर विशेष बहस के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ''उन्होंने (राजनाथ सिंह) 1975 (आपातकाल) के बारे में बात की तो सीख लीजिए न आप भी... आप भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगिए... आप भी बैलेट पर चुनाव कर लीजिए... दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।'' यानी अपनी गलती के लिए माफी मांगने की बजाय सामने वाले को नसीहत देना कांग्रेस की पुरानी फितरत है। प्रियंका ने भी वही किया जो उनकी पार्टी के नेता करते आए हैं। नैयर लिखते हैं कि, ''युद्ध के बाद के जर्मनी ने हिटलर के अत्याचारों के लिए माफी मांगी थी। यहां तक कि जर्मनी ने इसके लिए हर्ज़ाना भी भरा था। ऐसे अत्याचारों के लिए कोई माफी नहीं दी जा सकती, लेकिन लोगों को सामान्य तौर पर लगता है कि बच्चों को एहसास होगा कि उनके पूर्वजों ने गलती सुधारने की कोशिश की थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अमृतसर स्वर्ण मंदिर गए थे और उन्होंने ब्लू स्टार ऑपरेशन के लिए माफी मांगी थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जून, 2024 को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जो शब्द कहे थे, उससे कांग्रेस के मूल स्वरूप और चरित्र को जानना और समझना सरल हो जाता है। योगी ने कहा था कि, उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। कैसे कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। कैसे न्यायालय के अधिकारों को कांग्रेस ने उस समय बंधक बनाकर रख दिया था और आज भी कांग्रेस में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है। आपातकाल के 45 साल बाद विदेशी धरती पर राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि इमरजेंसी का निर्णय गलत था। लेकिन देशवासियों से उन्होंने या कांग्रेस के किसी नेता ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी। कांग्रेस नेता गाहे-बगाहे आपातकाल पर गुमराह करने और बेशर्मी से इस अमानवीय फैसले को सही साबित करते रहते हैं। लेकिन वे अपनी पार्टी के नेता द्वारा लिए गए एक घोर अलोकतांत्रिक और संविधान का गला घोंटने वाले निर्णय, अमानुषिक और तानाशाही रवैये के लिए माफ़ी मांगने का नैतिक और राजनीतिक साहस जुटा नहीं पाते हैं।

## बाढ़ आपदा मॉक अभ्यास की टेविल अभ्यास कलेक्ट्रेट एनआईसी में सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। बाढ़ आपदा की तैयारी में कलेक्ट्रेट की एन आई सी में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बाढ़ आपदा के मॉक अभ्यास हेतु टेविल टाप अभ्यास सम्पन्न हुआ। जनपद के लगभग 30 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जबकि माक अभ्यास कल पैलानी तहसील के केन घाट सिंधनकला तगडाडेरा मजरे में सम्पन्न होना है। आज टेविल टाप अभ्यास में मुख्य विकास अधिकारी अजय पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह, मुख्य अग्नि शमक अधिकारी मुकेश कुमार, होमगार्ड कमांडेट विभाग से राजकुमार सिंह, माया शंकर यादव अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रभाकर सिंह, संजय कुमार जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी,दिनेश कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक, अव्यक्त राम तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अंकित वर्मा उपजिलाधिकारी नरैनी, अमित शुक्ला उप जिलाधिकारी नरैनी, नमन मेहता उपजिलाधिकारी सदर तथा विकास पाण्डेय तहसील दार सदर बांदा, प्रहलाद कुमार तहसील दार पैलानी, लखन सिहं राजपूत तहसील दार बबेरू, संतोष कुमार तहसील दार अतर्रा, डा. आरएन दास सीएमओ, सीएमएस तथा मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी सहित जनपद के प्रमुख अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।इस टेविलटाप अभ्यास में जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारी, एवं खण्ड विकास अधिकारियों की भी उपस्थिति रहीं।

### अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण आज होगा समारोह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अतर्रा/बांदा। अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह आज संपन्न करायेंगे प्रभारी जनपद न्यायाधीश डा. विकास श्रीवास्तव। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया की आज 11 बजे अतर्रा बार एसोसिएशन अतर्रा का शपथ ग्रहण समारोह 11 पुरानी तहसील परिसर में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी जनपद न्यायाधीश डाक्टर विकास श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बांदा प्रफुल्ल कुमार चौधरी सिविल जूनियर डिवीजन अतर्रा मुनी कुमार होंगे ।साथी विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश बर काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष पाचूराम मौर्य, सह अध्यक्ष प्रदीप सिंह व विशिष्ट अतीत के रूप में उत्तर प्रदेश बर काउंसिल के सदस्य अंकज मिश्रा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे महासचिव राममिलन कुशवाहा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिवक्ताओं से सुनिश्चित समय पर पहुंचकर भागीदारी करने की अपील की है।

## जदयू ने रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर किया शौर्य को नमन

● जिला कार्यालय इंदिरा नगर में हुआ आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




बांदा। मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय इंदिरा नगर बांदा में आज वीरांगना रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि भावपूर्ण श्रद्धांजलि और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने की। उन्होंने कहा, रानी दुर्गावती केवल गोंडवाना की रानी नहीं, बल्कि वे भारतीय इतिहास में नारी शक्ति, स्वाभिमान और बलिदान की अमिट पहचान हैं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है कि जब अन्याय सिर उठाए, तो संघर्ष ही मार्ग है। इस अवसर पर रानी दुर्गावती के जीवन संघर्ष को याद किया गया। उन्होंने मात्र 25 वर्ष की आयु में गोंडवाना राज्य की बागडोर संभाली और कुशल शासन के साथ प्रजाजनों के कल्याण को प्राथमिकता दी। 1564 में मुगल सेनापति आसफ खाँ ने गोंडवाना पर आक्रमण किया, लेकिन रानी ने अपनी सेना के साथ डटकर मुकाबला किया। अंतिम समय तक युद्धभूमि में रहते हुए उन्होंने आत्मबलिदान देना स्वीकार किया, लेकिन समर्पण नहीं किया। उमा कांत सविता, जिला अध्यक्ष जदयू बांदा ने कहा कि रानी दुर्गावती की वीरगाथा इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों से लिखी गई है। पिंकी प्रजापति, नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने कहा कि हर बेटी को यह जानना चाहिए कि भारत की माटी ने कितनी महान वीरांगनाएं जन्म दी हैं। बाबू लाल चौधरी, जिला महासचिव जदयू बांदा ने कहा, रानी दुर्गावती ने यह सिद्ध कर दिया कि सत्ता भले टूट जाए, पर स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ा जा सकता है। उनके सिद्धांत आज भी हम जनप्रतिनिधियों के लिए मार्गदर्शक हैं। काशी प्रसाद याज्ञिक, जिला अध्यक्ष नगर विकास प्रकोष्ठ ने रानी को जनजातीय स्वाभिमान की रक्षक बताते हुए कहा कि उनका इतिहास सिर्फ स्मरण का नहीं, गर्व और आत्मबल का विषय है। कार्यक्रम में सद्दाम हुसैन (जिला उपाध्यक्ष), पवन तिवारी (जिला महासचिव), अवधेश कुमार, रामशरण मैनेजर (ग्राम पंचायत अध्यक्ष, परसौडा), जानकी देवी, और विद्या भूषण पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण, दो मिनट के मौन और राष्ट्रभक्ति के संकल्प के साथ किया गया।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद इकाई बांदा की मासिक बैठक हुई संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद इकाई बांदा जिला कमेटी की विशेष बैठक जिला कार्यालय जरैली कोठी बांदा में शाम से प्रारंभ हुई। बैठक में संगठन के अगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु वंदन कार्यक्रम करने की कार्य योजना तैयार की गई। साथ ही लगातार संगठन की बैठकों से अनुपस्थित चल रहे महत्वपूर्ण दायित्वधारी पदाधिकारियों के दायित्व परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। समस्त ब्लाक प्रभारियो को प्रदेश एवं जिला कमेटी से जारी निर्देशों को अपने-अपने ब्लाकों में लागू कराने की हिदायत दी गई। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि अभी तक ब्लॉकों से प्राप्त शिक्षकों की समस्त समस्याओं को निस्तारित करा दिया गया है। सभी शिक्षकों को फॉर्म 16 आदि पीडीएफ के रूप में उपलब्ध करा दिया गया है। सभी शिक्षक अपना 26 एवं फॉर्म 16 चेक कर लें यदि किसी के में कोई गड़बड़ी है तो एक प्रार्थना पत्र साक्ष्य सहित उपलब्ध कराएं ,उनका संशोधित करा दिया जाएगा। शेष जिनके फार्म 16 जनरेट ही नहीं हुए हैं उनके संबंध में वित एवं लेखा अधिकारी से वार्ता की जा रही है। वह भी अपना प्रार्थना पत्र पैन कार्ड की फोटो कॉपी एवं इनकम टैक्स विवरण जो भरा था,सहित उपलब्ध करा दें। उनकी समस्या भी हल कराने का प्रयास किया जाएगा।आज की बैठक में सभी सदस्यों द्वारा बेहद सकारात्मक विचार संगठन एवं शिक्षक हित में रखे गए। शिक्षक,शिक्षा और समाज के हित में कार्य करने हेतु प्रतिबद्धता सभी सदस्यों द्वारा दोहराई गई । बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज सिंह सहित विश्वनाथ प्रताप सिंह, विनोद कुमार शिवहरे, मनोज सिंह,शिखा खरे, जूही शर्मा, अमित कुमार, राम नरेश सिंह कछवाह,राजेंद्र कुमार द्विवेदी, सुधींद्र बाबू दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### समाजसेविका के चरित्र हनन व साइबर अपराध पर हो सख्त कार्यवाही

बांदा। सवर्ण आर्मी चित्रकूट धाम के मण्डल अध्यक्ष उमेश तिवारी ने एक गंभीर मामले को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में उन्होंने जनपद की प्रतिष्ठित समाजसेविका एवं जेडीयू उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल के विरुद्ध चल रहे चरित्र हनन, मानसिक उत्पीड़न और साइबर अपराध के मामले में त्वरित एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उक्त ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अर्चना सिंह पत्नी अनिल सिंह, निवासी मोहल्ला गंगानगर, थाना कोतवाली नगर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स जैसे फ़ेसबुक और व्हाट्सएप पर लगातार झूठे, भ्रामक और अशोभनीय आरोप लगाकर शालिनी सिंह पटेल की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। यह कृत्य न केवल चरित्र हनन की श्रेणी में आता है, बल्कि यह एक संगठित आपराधिक षड्यंत्र प्रतीत होता है। उमेश तिवारी ने जानकारी दी कि आरोपित महिला द्वारा एआई तकनीक का दुरुपयोग कर अश्लील एवं झूठी डिजिटल सामग्री का निर्माण कर उसका प्रसार भी किया जा रहा है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष को दी जीत की बुधाई

● माल्यार्पण कर डा.शोएब नियाजी का किया स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल शहर के प्रतिष्ठित एवं दिग्गज कांग्रेसी परिवार के उत्तराधिकारी डा. शोएब नियाजी उर्फ शीबू नियाजी जो बीते दिनों मोहर्रम शहर कमेटी बांदा के चुनाव में अपने प्रतिद्वंदी इरशाद को हराकर भारी मतों से विजय प्राप्त की गई जिसमें 122 इमामबाड़ों में 104 ने इमामबाड़ों भाग लिया था जिसमें डाक्टर शोएब नियाजी को 68 मत प्राप्त हुए थे कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान द्वारा संयुक्त रूप से इस जीत की खुशी पर डाक्टर नियाजी का माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया गया और जीत की शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर डाक्टर नियाजी द्वारा बतलाया गया कि ब्रिटिश हुकूमत से आज तक मैं और मेरे पूर्वज कांग्रेसी विचारधारा को मानते चले आ रहे हैं हमारा पूरा परिवार सभी धर्मों का समान सम्मान करता चला रहा है हम कट्टरवादिता के विरुद्ध हैं हमारे पूर्वजों को तत्कालीन सरकारों ने नगर पालिका बांदा अध्यक्ष पद के लिए एवं दो बार विधानसभा के टिकट दिए गए लेकिन हमारे पूर्वजों ने अन्य कांग्रेस जनों को चुनाव लड़ाया और भरपूर सहयोग प्रदान कर विजय श्री दिलवाई गई इस दौरान उनके द्वारा 1980 का दैनिक मध्य युग समाचार पत्र जिला अध्यक्ष को दिखाया गया जिसमें उनके पूर्वजों का इतिहास लिखा हुआ था अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा समाचार पत्र का अवलोकन बारीकी से किया गया और धन्यवाद ज्ञापित कर कांग्रेस के रचनात्मक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए जाने की दिशा में सहयोग मांगा इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट बी. लाल भाई युवा कांग्रेस विधानसभा प्रभारी ईशू खान साथ रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा आज मनाएगी आपात काल दिवस

बाँदा। भाजपा 25 जून को आपातकाल दिवस मनाएगी स इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे स भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना ने बताया की 25 जून दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय कनवारा रोड में आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि जनपद बाँदा के प्रभारी मंत्री नंदगोपाल नंदी करेंगे तत्पश्चात कार्यालय में आपात काल विषय भारतीय लोकतंत्र का काला दिवस पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करेंगे स साथ ही लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करेंगे स इसके बाद अपरान्ह 2.30 बजे प्रेस वार्ता को सम्बोधित करेंगे। प्रभारी मंत्री जी के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष फतेहपुर रमाकांत त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह को को लूटेरा गैंग के रुप में किया गया घोषित

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा संगठित रुप से अपराधों को अंजाम देने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जनपद बांदा और आस-पास के जनपदों में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह को लूटेरा गैंग-डी-55 घोषित किया गया है । गौरतलब हो कि जनपद बांदा के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम जौरही का रहने वाला निरंजन सिंह पुत्र स्वयंवर सिंह द्वारा गैंग बनाकर अपने साथी भूरा विश्वकर्मा पुत्र दयाराम विश्वकर्मा के साथ मिलकर संगठित रूप से लूट तथा अन्य घटनाओं को अंजाम देते हैं, यही आपराधिक कृत्य इनके धनार्जन का पेशा है । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा कार्यवाही करते हुए इस गिरोह को ल्लूटेरा गैंगङ्क नम्बर-डी-55 के रुप में घोषित किया गया है । निरंजन सिंह इस गैंग का लीडर तथा भूरा विश्वकर्मा इस गैंग का सदस्य है । अभियुक्तों में निरंजन सिंह पुत्र स्वयंवर सिंह निवासी जौरही थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा (गैंगलीडर), भूरा विश्वकर्मा पुत्र दयाराम विश्वकर्मा निवासी जौरही थाना कोतवाली देहात है।

### मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जरैली कोठी के रहने वाले कामता धुरिया द्वारा मंगलवार को थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि दिनांक 17/18 जून की रात्रि को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई । जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । इसी क्रम में आज थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ झील का पुरवा से गिरफ्तार किया गया तथा तलाशी में उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए है । गिरफ्तार अभियुक्तों में धनन्तर पुत्र मुन्ना निवासी छोटी बड़ोखर थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा है।

## बेजुबान पशुओं को लादकर ले जाते समय तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● एक डीसीएम में कुल 61 पशुओं को ले जा रहे थे अभियुक्त

बांदा। एसपी के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में आज थाना कालिंजर पुलिस द्वारा सुबह गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना कालिंजर क्षेत्र के तरहटी से तीन अभियुक्तों को कटनी मध्य प्रदेश से एक डीसीएम में क्रूरतापूर्वक पशुओं को लादकर ले जाते समय गिरफ्तार किया गया । डीसीएम से कुल 6 भैंसे तथा 55 पड़वा/पड़िया बरामद हुए है । गिरफ्तार अभियुक्तों में एसान कुरैशी पुत्र यासीन कुरैशी निवासी भट्टा मोहल्ला थाना रतनाथ जनपद कटनी, म0प्र0,सयेम खां पुत्र सलीम खां निवासी जुगयाकाफ थाना एन.के.जी. जनपद कटनी, म0प्र0 व नफीस खां पुत्र गुलाम खां निवासी जुगयाकाफ थाना एन.के.जी. जनपद कटनी, म0प्र0 शामिल हैं।

### अवैध तमंचा के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में 26 जून को देर रात्रि थाना बबेरु पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचा के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को वंशीपुरवा मोड़ ग्राम हरदौली से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सिरताज पुत्र मुमताज खाँ निवासी हरदौली थाना बबेरु जनपद बांदा है।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में पत्नी व प्रेमी को किया गिरफ्तार

बांदा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि 18 जून को थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम बीरा के एक व्यक्ति कमल कुमार यादव का शव ग्राम लखनपुर यमुना नदी के किनारे बरामद हुआ था । जिसके सम्बन्ध में परिजन ने मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी के विरुद्ध तहरीर दिया था जिसके सम्बन्ध थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत किया गया था । विवेचना के क्रम में कमासिन पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के क्रम मे कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामलें में उसकी पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा गया ।गिरफ्तार अभियुक्तों में ममता पत्नी कमल कुमार यादव निवासी बीरा थाना कमासिन जनपद बांदा व रामविलाश पुत्र बोगा निवासी शाहपुरसानी थाना बदौसा जनपद बांदा है।

## औद्यानिक विकास की योजना जनपद में पुनः हुई चालू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जिला उद्यान अधिकारी बांदा ने बताया है कि जनपद के समस्त किसानों को जानकारी देते हुए बताया है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उप्र द्वारा जनपद में संचालित बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र में औद्यानिक विकास की योजनान्तर्गत कृषक प्रक्षेत्रों पर कलमी फलदार पौधों अमरूद, आम, आंवला, नीबू वर्गीय फल, बेर, बेल और अनार आदि का रोपण कराया जायेगा। योजना का क्रियान्वयन निम्नानुसार किया जायेगा। जिसमें नवीन उद्यान रोपण हेतु ऐसे कृषकों को चयन में वरीयता दी जायेगी जिसके पास रोपित उद्यान की जीवितता सुनिश्चित किये जाने हेतु कटीले तार (बारवेड वायर) से फैसिंग हो तथा सिंचाई हेतु ड्रिप पद्धति की स्थापना हो। ड्रिप सिंचाई प्रणाली की स्थापना हेतु उद्यान विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत आवेदन कर 80-90 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कृषक द्वारा न्यूनतम 0.2 हे0 सेअधिकतम 1.00 हे0 तक नीवनी उद्यान रोपण का कार्य किया जायेगा। जिनके नवीन उद्यान रोपण का समस्त व्यय भर पौध सिंचाई सुरक्षा अन्तरावर्ती फसल लागत आदि कृषक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। कृषक द्वारा नवीन उद्यान रोपण करने पर क्षेत्रफल 1.00 हे0 में धनराशि रू0 3000 प्रतिमाह की दर से तीन वर्ष अर्थात 36 माह तक कुल धनराशि रू0 108000.00 पौध जीवितता के अनुरूप डी.बी.टी. के माध्यम से देय होगी। नवीन उद्यान रोपण हेतु कृषक द्वारा पौध क्रय राजकीय पौधशाला या एक्रीडेटिड पौधाशाला से ही किया जायेगा, जिसका बिल, रसीद आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्यता होगी। कृषकों का चयन आनलाइन पंजीकरण की वरीयता के आधार पर प्रथम आवक प्रथम पाव के आधार पर लक्ष्य की उपलब्धता के अनुसार किया जायेगा।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं. | 1174-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 23.06.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत [illegible] और दरियापुर [illegible] के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 81,38,882.12/- ([illegible] रुपये एवं बारह पैसे) |
| 4. | ई-निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,62,800/- (एक लाख बासठ हजार आठ सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई-निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 22.07.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा. उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देख की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1174-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 23.06.2025 1895/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या : विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/200 A/2025-26 |
| क | कार्य का विवरण : कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ के बोगी शॉप में एल.एच.बी. कोचों के पी.ओ.एच. एवं आई.ओ.एच. के लिए [illegible] का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत : रु. 74,33,976.34 |
| ग | धरोहर राशि : रु. 1,48,700/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य : शून्य |
| ङ | कार्य समापन अवधि : 12 माह |
| | अन्य सूचना |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय : 17.07.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय : 17.07.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

सं.: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/200 A/2025-26 दिनांक: 24.06.2025 1896/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जिले में सख्ती से लागू होगा ''नो-हेलमेट नो-पेट्रोल'': डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों पर अभियान चलाकर चालान किया जाये। कन्नौज शहर में ल्लनो-हेलमेट, नो-पेट्रोलल्ल अभियान के तहत पेट्रोल स्वामियों को निर्देशित किया कि दो-पहिया वाहनों को बिना हेलमेट के पेट्रोल न दिया जाये। उन्होंने कहा कि तिर्वा - बेला रोड व जीटी रोड मार्ग से नगला दिलू 100 सैय्या अस्पताल होते हुये ग्रामीण मार्ग एवं अलीगढ़ से कानपुर मार्ग एन0एच0 91 पर माह मई 2024 के सापेक्ष माह मई 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी हैं। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु रणनीति बनाकर कार्य किया जाये। सड़क दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये जाये। परिवहन, शिक्षा, लोक निर्माण आदि विभाग संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलायें। डीएम ने कहा कि जनपद में 25 नये ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं, चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर रम्बल स्ट्रिप, स्पीड टेबल, साइन बोर्ड, आदि सुरक्षा से संबंधित कार्य किये जाये। कहा कि एनएचआई, एनएच, यूपीडा के अन्तर्गत अण्डरपासों पर कैमरे लगाये जाने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि मानक विहीन स्कूली वाहनों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। बिना मानक के कोई भी स्कूली वाहन नहीं चलना चाहिए। स्कूली वाहन सेफ वाहन होना चाहिए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रेयर के दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटीओ आदि संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता की रैली निकलवाये।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में मीरजापुर की 51 योजनाएं टॉप पर

● जिलाधिकारी ने धीमी प्रगति वाले अफसरों को दी अंतिम चेतावनी—अब दिखे फील्ड में काम, वरना एक्शन तय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड समीक्षा बैठक की। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि जनपद की 51 योजनाएं ए श्रेणी में हैं, लेकिन कुछ विभागों की रैंकिंग बी, सी और डी श्रेणी में बनी हुई है। इस पर डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि अब सिर्फ आंकड़े नहीं, जमीन पर काम दिखना चाहिए। अगली बार सुधार जरूरी है, नहीं तो जिम्मेदार अफसरों पर सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ए श्रेणी में आने वाले विभागों की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, ग्राम उन्नति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, पीएम आवास, 102/108 एम्बुलेंस सेवा, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, दुग्ध समितियां, शादी अनुदान, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, मनरेगा, युवा स्वरोजगार, सड़क और भवन निर्माण जैसी प्रमुख योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ल्लइनकी स्थिति बेहतर बनी रहे, इसके लिए निगरानी लगातार होनी चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, कैमूर के डीएफओ टापस मिहिर, सीएमओ डॉ. सी.एल. वर्मा, कृषि उप निदेशक विकेश पटेल, जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम समेत तमाम विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

डीएम ने बी, सी और डी श्रेणी वाली योजनाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को फील्ड में काम दिखाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि काम सिर्फ कागजों पर दिखाने से नहीं चलेगा। ज़मीनी हकीकत बदलनी चाहिए। यदि प्रगति नहीं दिखी तो सस्पेंशन और वेतन रोकने जैसे निर्णय से भी पीछे नहीं हटेंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड केवल एक समीक्षा प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं का आईना है। अगर योजनाएं धरातल पर नहीं पहुंची तो जनता का विश्वास टूटेगा। उन्होंने अफसरों से कहा कि हर योजना की एक-एक गतिविधि पर नजर रखो। अब लापरवाही की कोई जगह नहीं।

# 400 से अधिक लोगों ने समाजवादी विचारधारा को अपनाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलिया, लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जनता के दिलों में उसकी जड़ें कितनी गहरी हैं। रविवार को पलिया स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान के आवास पर प्रगतिशील लोकतांत्रिक गठबंधन (पीडीए) की एक विशाल व ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से आए जनसामान्य, प्रबुद्धजन, किसान, नौजवान और महिलाओं ने भारी संख्या में भागीदारी करते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह न केवल संगठन की मजबूती का प्रतीक था, बल्कि भाजपा की नीतियों से आहत जनता के मूड का स्पष्ट संकेत भी।

बैठक में डॉ. ए. के. अवस्थी समेत 400 से अधिक लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर अपने समर्थन की घोषणा की। समाज के विभिन्न तबकों से जुड़े लोगों का पार्टी से जुड़ना यह दर्शाता है कि समाजवादी विचारधारा में जनविश्वास तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. ए. के. अवस्थी ने इस मौके पर कहा, ''यह समय विचारधारा की लड़ाई का है। आज जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी ही वह मंच है जो आम लोगों की पीड़ा को समझती है और ईमानदारी से संघर्ष कर रही है।'' उन्होंने पार्टी नेतृत्व और रेहान खान की कार्यशैली की सराहना करते हुए संगठन को हर स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, जिला उपाध्यक्ष फुरकान अंसारी, विधानसभा महासचिव रामचंद्र गौतम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हुसैन, विधानसभा उपाध्यक्ष ललित पाल सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इन सभी नेताओं ने एक स्वर में नवदलगत सदस्यों का स्वागत करते हुए पार्टी की नीतियों और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश सचिव

### पलिया में समाजवादी पार्टी का शक्ति प्रदर्शन: रेहान खान के नेतृत्व में पीडीए की ऐतिहासिक बैठक

रेहान खान ने अपने उद्बोधन में कहा, ''समाजवादी पार्टी आज प्रदेश की सबसे बड़ी उम्मीद बन चुकी है। युवाओं, किसानों, बेरोज़गारों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों और वंचित वर्गों के लिए जो संघर्ष अखिलेश यादव कर रहे हैं, वही सच्चे समाजवाद का प्रतीक है। जनता अब बदलाव चाहती है, और यह बदलाव समाजवाद के जरिए ही आएगा।''

रेहान खान ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी अब हर गली, हर गांव और हर घर तक पहुंचेगी और सच्ची राजनीति की लौ फिर से जलाएगी। जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने कहा कि पार्टी में शामिल हो रहे नए सदस्य इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से लोग आजिज आ चुके हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है और संगठन को एकजुटता से मजबूत किया जाएगा। इस बैठक की एक विशेष बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और शिक्षित वर्ग के लोग शामिल हुए। इनमें नमिता अग्रवाल, सुनील गुप्ता, आदेश भार्गव, राजेश यादव, कपिल राजपूत, नंदू बाल्मीकि, आदि प्रमुख नाम रहे जिन्होंने अपनी सक्रिय भूमिका का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के सफल संचालन में आलोक मिश्रा की भूमिका अहम रही। अंत में सभी नवदलगत सदस्यों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि पार्टी को आगामी चुनावों में ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पलिया की यह बैठक महज एक सदस्यता अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक बदलाव की दस्तक थी। जनता अब विकल्प नहीं, समाधान चाहती है और वह समाधान समाजवादी पार्टी में उन्हें दिख रहा है। रेहान खान का नेतृत्व अब लखीमपुर की राजनीति में नई दिशा देने को तैयार है।

# स्वास्थ्य योजनाओं में सुस्ती पर मंडलायुक्त सख्त 15 दिन में सुधार नहीं तो होगी कार्रवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। विन्ध्याचल मंडल में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं की रफ्तार को लेकर मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने मंगलवार को अधिकारियों की क्लास ले ली। आयुक्त कार्यालय सभागार में हुई मंडलीय समीक्षा बैठक में उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब बहाने नहीं चलेंगे, जिन योजनाओं की प्रगति कम है, वे अधिकारी 15 दिन में सुधार करें, वरना कार्रवाई तय मानी जाए।

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एचएमआईएस, आरसीएच, शहरी स्वास्थ्य मिशन, क्वालिटी एश्योरेंस, टीबी उन्मूलन, कम्युनिटी प्रोसेस, यूनिसेफ और अन्य साझेदार संस्थाओं की योजनाओं की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने कई बिंदुओं पर असंतोष जताया और कहा कि जनता से जुड़े इस विभाग में लापरवाही की कोई जगह नहीं। समीक्षा बैठक में मंडलीय अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, कार्यक्रम लेखा प्रबंधक, मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस प्रतिनिधि और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने हर स्वास्थ्य केंद्र पर जीवन रक्षक दवाओं, जरूरी उपकरणों, ठंडे पेयजल और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बैठकों में रिपोर्ट देना काफी नहीं है, फील्ड में सुधार दिखना चाहिए। हर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझे और तय समय में सुधार करे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर योजना और कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग हो। जिन इकाइयों की प्रगति धीमी है, उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकता से काम किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि समयबद्ध सुधार नहीं हुआ, तो निजी जवाबदेही तय की जाएगी।

मंडलायुक्त ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि अब लक्ष्य सिर्फ औसत काम नहीं, पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल करना है। इसके लिए अनुशासन, समन्वय और जवाबदेही, तीनों पर एक साथ काम करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि आने वाली बैठकों में सिर्फ प्रगति नहीं, परिणाम भी दिखने चाहिए।

# डॉ0 कौशल वर्मा नें अलीगंज में नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाकर ढाई सौ मरीजों का किया परीक्षण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के संचालक डॉक्टर कौशल वर्मा द्वारा अलीगंज के पंचायत भवन में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। आयोजित कैंप में आर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर कौशल वर्मा की मौजूदगी में 250 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाएं दी गई हैं। इस स्वास्थ्य कैंप के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर,यूरिक एसिड, नसों व फिजियोथैरेपी की जांचे की गई। स्वास्थ्य कैम्प में आसपास के कई गांवों के जरूरतमंदों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है। सनशाइन हॉस्पिटल परिवार इसके पहले भी लखीमपुर सीतापुर पीलीभीत बरेली क्षेत्र में सैकड़ो नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप आयोजित कर हजारों लोगों को दवाएं व जांच कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा चुका है। डॉक्टर समय समय पर शारीरिक रूप से अक्षम जरूरतमंद मरीजों को उपकरण व नगद धनराशि भी बांटते रहते हैं। इस अवसर सौरभ शुक्ला, अनुज सिंह, अभिषेक वर्मा, विजय विश्वकर्मा, सुमित, राकीम अली व हॉस्पिटल व स्कूल स्टाफ ने आयोजन के प्रबंध में योगदान किया है।

## केशवापुर में यूरिया के नाम पर किसानों से लूट जारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। यूरिया खाद को ब्लेक में बेंचना जारी है, अधिकारियों के आदेशों व नियमों को ताक पर रखकर रेट से डेढ़ गुने दामों पर खुलेआम बेंचा जारहा है। जिला कृषि अधिकारी का निर्देश चाहें जो भी हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।केशवापुर कस्बे में करीब आधा दर्जन प्राइवेट दुकानों पर यूरिया की बिक्री की जा रही है। यूरिया की बढ़ती मांग, और सरकारी समितियों में यूरिया की कमी को लेकर प्राइवेट दुकानों पर किसानों से एक बोरी यूरिया के साथ एक किलो जिंक जबरदस्ती बेंची जा रही है, जिसका मूल्य भी दो गुना ज्यादा बसूला जा रहा है।साथ ही किसानों में इस बात का भी डर है कि उनका नाम व फोटो यदि मीडिया में आ गया तो उनको प्राइवेट दुकानदार खाद ही नही देगा। यूरिया खाद की मांग के अनुरूप सहकारी समितियों में यूरिया उपलब्ध नहीं हो सकी,जिस कारण गन्ना किसान प्राइवेट दुकानों पर खरीदने के लिए मजबूर हुए।हालांकि कुछ समितियों ने यूरिया अपनी क्षमता के अनुरूप किसानों को उपलब्ध कराने का प्रयास किया पर वह काफी नही रहा।

# 1 जुलाई से दस्तक अभियान से होगा घर-घर सतर्कता का संचार : डीएम

### स्वास्थ्य सुरक्षा पर डीएम का फोकस: सुदूर क्षेत्र तक सिजेरियन सुविधा, संचारी रोग नियंत्रण को लेकर सख्त निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी और संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने दोहरी रणनीति के साथ मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार की देर शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में जहां एक ओर विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की रणनीति तय की गई, वहीं दूसरी ओर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में व्यापक समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने अटल सभागार में अंतरविभागीय समन्वय बैठक में स्पष्ट किया कि वेक्टर जनित, संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर नियंत्रण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होगा, जो नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, शिक्षा, पशुपालन, बाल विकास, कृषि व सिंचाई जैसे विभागों के सहयोग से जनपद से लेकर गांव तक अभियान को संचालित करेगा।

उन्होंने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को घर-घर दस्तक देकर संभावित रोगियों की पहचान करने व आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। डीएम ने लोगों से अपील की कि वे अभियान में सक्रिय भागीदारी कर अपने परिवार को सुरक्षित रखें। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में पूरी सक्रियता के साथ उतरने का निर्देश दिया। उन्होंने 205 आशा व 16 संगिनी पदों को शीघ्र भरने, पोर्टल फीडिंग अद्यतन रखने, चिकित्सकों के बेहतर व्यवहार सुनिश्चित कराने, संस्थागत प्रसव की नियमित रिपोर्टिंग तथा भुगतान की समयबद्धता पर विशेष जोर दिया।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने आरसीएच, जन्म-मृत्यु पंजीकरण व आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को समन्वयित कार्य करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की। समीक्षा बैठक में ओपीडी की स्थिति, आयुष्मान भारत योजना, जननी सुरक्षा, पीएम मातृत्व वंदना योजना, स्टिलबर्थ रेश्यो, कुष्ठ व क्षय उन्मूलन, दृष्टिहीनता निवारण, ई-संजीवनी, परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण और वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा हुई।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भारत सरकार की नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (गडइट्ट) प्रमाणन प्राप्त होने पर बधाई दी। इनमें अंबुपुर, खरवाहिया, संसारपुर, अदलीशपुर व भौवापुर शामिल हैं। डीएम ने अन्य केंद्रों को इनसे प्रेरणा लेने को कहा। निघासन सीएचसी पर सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू, धौरहरा में भी प्रयास जारी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अवगत कराया कि कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन में अब संस्थागत प्रसव के लिए इलेक्टिव सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा शुरू कर दी गई है। इससे क्षेत्रीय गर्भवती महिलाओं को अब ज़िला मुख्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# ईंट भट्ठे में घुसा तेंदुआ, युवक पर हमला, ग्रामीणों ने किया मुकाबला, वीडियो वायरल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क







धौरहरा खीरी। लखीमपुर खीरी के धौरहरा रेंज के ग्राम बबुरी में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेंदुआ गांव के एक ईंट भट्ठे में जा घुसा। इस दौरान वहां मौजूद मिहीलाल नामक युवक पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। मिहीलाल, जो गिरधारी पुरवा का निवासी है, तेंदुए से भिड़ गया और काफी देर तक उसे पकड़कर दबोचे रहा। घटना की सूचना पर आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों ने तेंदुए पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। हालात बिगड़ते देख तुरंत वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी, विभागीय पशु चिकित्सक दया शंकर और अन्य स्टाफ ने काफी मशक्कत के बाद तेंदुए को रेस्क्यू कर वन विभाग के संरक्षण में ले लिया। रेस्क्यू के दौरान तेंदुए के हमले में वन रक्षक राजेश दीक्षित घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा ले जाया गया और वहां से गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके अलावा 112 पीआरबी सिपाही राम संजीवन,वन दरोगा राजेश दीक्षित और मिहीलाल भी घायल हुए। मिहीलाल को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। इस पूरी घटना का हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में ग्रामीणों की भीड़, तेंदुए की हलचल और रेस्क्यू ऑपरेशन की झलक देखी जा सकती है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगली जानवरों से दूरी बनाए रखें और ऐसी स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

# बाघ के हमले से बारह वर्षीय प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल, ग्रामीणों में दहशत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा खीरी। गोला वन रेंज के पश्चिमी बीट के रत्नापुर गांव के निकट सड़क के किनारे घास काट रहे 12 वर्षीय किशोर प्रदीप कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी कुकरा पर बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटनास्थल के नजदीक कार्य कर रहे सिख किसानों के पहुंचने पर बाघ किशोर को छोड़कर गन्ने के खेत में चला गया। कुकरा निवासी 12 वर्षीय प्रदीप कुमार अपने छोटे भाई के साथ पशुओं के लिए चारा काटने के लिए कुकरा बांकेगंज रोड के लगभग आधा किलोमीटर अंदर रत्नापुर गया था। रत्नापुर को जाने वाली पक्की सड़क के किनारे गन्ने के खेत के नजदीक प्रदीप कुमार घास काट रहा था। उसका छोटा भाई उसके पास ही खड़ा था। अचानक गन्ने के खेत से निकलकर बाघ ने उसे पर हमला कर दिया। बाघ के हमले को देख उसका छोटा भाई चीखने चिल्लाने लगा। किसी तरह किशोर संघर्ष करके बाघ के चंगुल से छूटकर धान के खेत की ओर भागा। धान के खेत में जाकर वह गिर गया। उधर छोटे भाई की चीख पुकार सुनकर आसपास फार्म हाउस बनाकर रह रहे सिख किसान और अन्य खेतों में कार्य कर रहे लोग लाठी डंडा लेकर बाघ की ओर किशोर को बचाने के लिए दौड़े। अचानक बड़ी भीड़ देखकर बाघ खेत में आगे चला गया। किशोर को खून से लथपथ देख उसे बांकेगंज सीएससी लाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंचे फॉरेस्टर अफजल खान ने बताया कि बाघ के हमले से ही किशोर घायल हुआ है। 18 जून को रत्नापुर में दो शावकों के साथ दिखाई दी थी बाघिन, घटना स्थल के पास ही 18 जून बुधवार को बाघिन दो शावको के सरदार पाला सिंह के फार्म के आसपास गन्ने के खेतों में दिखाई दी थी। जिसकी सूचना मिलने पर रेंजर गोला संजीव कुमार तिवारी, अंकित बाबू वन दरोगा अजय भार्गव,वन दरोगा,अजीत कुमार श्रीवास्तव,वन दरोगा नरेश कुमार,वन दरोगा शैलेंद्र कुमार, फॉरेस्टर अफजाल खान तथा वाचर गामा,नवल,सुधीर,छोटे, राकेश कुमार आदि वनकर्मी मौके पर पहुंचे थे तथा ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए बाघिन और उसके शावकों को जंगल की ओर खदेड़ कर वापस चले गए थे। इससे पहले मजरा लौकिहा मे सुनीता देवी पत्नी रामचंद्र के घर पर लगभग रात्रि 12.बजे बाघ ने अचानक घर में घुसकर बछड़े पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

# नकाब लगाकर 1000 की नगदी सहित करीब 50 हजार से अधिक जेवर चोरी कर ले गए चोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। थाना हैदराबाद की अजान चौकी क्षेत्र केग्रामसिगहाहार में रविवार की रात चोरों ने एक घर में नकब लगाई और घर में रखी नगदी सहित लगभग पचास हजार से अधिक के आभूषण व अन्य सामान समेट कर फरार हो गए। सुबह जानकारी होने पर परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घर से बाहर गन्ने के खेतों कपड़े बिखरे बाक्स मिला। सिंगहाहार गांव निवासी राज किशोर पुत्र रामशंकर रात को रोज की भांति मकान में कमरे में ताला बंद कर परिजनों के घर के आंगन मे बाहर सोने चले गये । इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मकान के पिछले हिस्से में नकब लगाई और घर में प्रवेश किए। वे एक बाक्स को अपने साथ उठा ले गए। घर से करीब 400 सौ मीटर की दूरी पर गन्ने के पास बाक्स का ताला तोड़ उसमें रखे एक हजार रुपये नगद और दो जोड़ी सोने के कान के कुडल,एक कमर विछुआ चांदी का,दो जोड़ी पायल चांदी के, व अन्य कीमती सामान को लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिजन जागे तो कमरे का ताला खोला तो देखा पिछे की दीवार मे चोरों ने सेंध लगा दी है।यह सब देख कर परिजनों के पैरों तले जमीन खीसक ग ई। इसके बाद परिजनों ने आस पास के लोगों बताया इसपर ग्रामीणों व परिजनों ने घर के पिछे खेतों में जाकर देखा तो टूटा हुआ बाक्स और कपड़े बिखरे दिखाई दिया। इसके बाद पीड़ित राज किशोर ने अज्ञात चोरो के खिलाफ अजान चौकी पुलिस को लिखित तहरीर दी है।

# आपातकाल के खौफ से अब भी दहलता है दिल!

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। 25 जून 1975 की आधी रात को देश में आपातकाल लगा दिया गया अखबारों पर सेंसर लगाकर मीसा और डी आई आर जैसे कानूनों के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और कांग्रेस विरोधी दल के लोगों को जेल भेज दिया गया,बहुत से लोगों को यातनाएं दी गईं नो वकील नो दलील के सिद्धांत पर लोकतंत्र का गला घोट दिया गया, प्रस्तुत है इमरजेंसी के पीड़ितों का दर्द-

**पुलिस की लाठियों की मार से अब भी कराह उठते हैं**- राम शिव तिवारी नगर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी 80 वर्षीय रामशिव तिवारी ने बताया कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे, इमरजेंसी में वह गंगसरा जिला शाहजहांपुर में अपनी बीमारी का इलाज करवा रहे थे। 29 जुलाई 1975 को पुलिस वहां पहुंची और उन्हें बीमारी हालत में ही जीप में लादकर गोला ले आई और घर में घुसकर पूरे घर की तलाशी लेकर उनके साथ मारपीट करने लगी। जब उनकी पत्नी उन्हें बचाने के लिए आई तो दरोगा ने उन्हें भी नहीं बख्शा जिससे उन्हें गर्भपात हो गया। पुलिस ने उन्हें गोला की बाजार में पर्चा बांटने का आरोप लगातार जेल भेज दिया ।जेल में वह 15 दिन तक अस्पताल में रहे 6 महीने के बाद जेल से रिहा हुए उनके दाहिने पैर और हाथ की कोहनी में आज भी रह रहकर पीड़ा उठती है और सुन्नपन बना रहता है।

**घर से पकडा मरघट में भाषण देते दिखाया** - महेन्द्र कुमार गुप्त वैद्य नगर के मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी पत्रकार लोकेश कुमार गुप्त ने बताया कि उनके पिता महेंन्द्र कुमार गुप्त वैद्य बी आई एम एस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील संघ चालक थे। एक दिन शाम को पिताजी को पुलिस क्लीनिक से थाने पकड़ ले गई और घर में तलाशी लेकर मरघट में भाषण देने का आरोप लगाकर जेल में बंद कर दिया तो घर की आर्थिक









स्थिति डगमगा गयी दोनों भाई फ़ेल हो गए पिताजी जेल में बीमार हो गए, इलाज की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई ।छह महीने तक कोई सुनवाई नहीं हुई बाद में बमुश्किल रिहाई हुई तो घर आने पर इलाज करवाया गया तो काफी समय



बाद स्वस्थ हुये।

**पुलिस ने पैरों पर चलाया रोलर!**- प्रेमचंद गुप्ता लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय प्रेमचंद गुप्त के पुत्र नवनीत ने बताया कि उनके पिता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनसंघ के कार्यकर्ता थे। इमरजेंसी में पुलिस उनके पिता को घर से पकड़ ले गई और थाने में पैरों पर लकड़ी का रोलर चला दिया घटना देखकर उनके छोटे भाई ज्ञानचंद का खून खौल उठा उन्होंने दरोगा को उठाकर जमीन पर पटक दिया फिर क्या था पुलिस ने दोनों की निर्मम पिटाई कर जेल भेज दिया। पैरों पर रोलर चलाने के कारण उनके पिता अपने जीवन काल में कभी भी ठीक से चल नहीं सके। नवनीत कहना है कि यातनाएं झेलने के बावजूद लोकतंत्र सेनानियों के परिवार को कुछ नहीं मिला, उनकी मांग है कि स्वतंत्रता सेनानियों के पुत्र, पुत्री, पौत्र ,पौत्री को उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए आरक्षण दिया गया है उसी प्रकार लोकतंत्र सेनानियों के पुत्र, पुत्री, पौत्र, पौत्री के लिए आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए।

**छात्र नेता थे इसलिए पुलिस में मीसा में भेजा जेल!** - नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी सुभाष चंद्र छाबड़ा एडवोकेट इमरजेंसी में लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री थे वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के समर्थक थे इसलिए लखनऊ पुलिस ने उनको मीसा में जेल भेज दिया। परिवार उनकी जमानत के लिए लखनऊ दौड़ता रहा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ।आपातकाल समाप्त होने के बाद ही वह जेल से रिहा हुए,उनका कहना है कि वह मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के शुक्रगुजार हैं जो उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के लिए पेंशन और मृत्यु के उपरांत सम्मान की व्यवस्था की केन्द्र प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से बावजूद लोकतंत्र सेनानियों की कोई सुध नहीं ली जा रही है। अब आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने देशभर में आयोजन कर जनता को संविधान का गला घोंटने की जानकारी देने लोकतंत्र सेनानियों को सिर्फ सम्मानित करने घोषणा की है।

## आपातकाल में बंटता रहा जनता समाचार: हरनाथ सिंह यादव

गोला गोकर्णनाथ खीरी। आपातकाल में सरकार ने अखबारों पर सेंसर शिप लागू कर दी थी इसलिए विपक्ष के उत्पीड़न के समाचार नहीं मिल पाते थे। इमरजेंसी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लखीमपुर जिले के जिला प्रचारक हरनाथ सिंह भूमिगत हो गए थे वह अपनी पारंपरिक वेशभूषा कुर्ता धोती उतारकर पैंट, शर्ट, टाई , जूते, मोजे पहनकर काला चश्मा लगाकर मॉडर्न बन गए और राजेंद्र अग्रवाल के नाम से जाने जाने लगे। उस समय अखबारों में सेंसर लगा हुआ था आपातकाल संबंधी खबरों और विपक्षियों के उत्पीड़न की खबर प्रकाशित करने पर प्रतिबंध था तो उन्होंने लखनऊ से जनता समाचार अखबार का प्रकाशन शुरू किया और युवकों, किशोरों, बालकों से संपर्क कर प्रदेश में अखबार का वितरण सुनिश्चित करवाया। नगर में संघ के तहसील संघ चालक महेंद्र कुमार गुप्त के पुत्र लोकेश कुमार गुप्त रात में बंद दुकानों के शटर में जनता समाचार डालकर लोगों को जागरुक करते थे तभी से उनमें पत्रकारिता के प्रति रुझान हुआ और बाद में वह भी पत्रकार बने। इमरजेंसी के काफी समय बाद हरनाथ सिंह यादव पहले उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य और बाद में राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए।

# भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज दिलीप दोशी का निधन, 77 साल की उम्र में ली आखरी सांस



एजेंसी

लंदन। भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज दिलीप दोषी का दिल का दौरा पड़ने से लंदन में निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन, और बेटी विशाखा है। क्रिकेट करियर के बाद दोशी हिंदी कॉमेंटेटर के तौर बेहद लोकप्रिय रहे। दोशी ने भारत के लिए 33 टेस्ट मैचों में 114 विकेट लिये। उन्होंने छह बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया। इसके अलावा उन्होंने 15 एकदिवसीय मैचों में महज 3.96 की इकॉनमी के साथ 22 विकेट लिए। 238 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में उन्होंने 898 विकेट झटके। प्रथम श्रेणी मैचों में उन्होंने 43 बार पांच विकेट लिए तथा छह बार एक मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया। 1979 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में पदार्पण किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने दोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दिलीप दोशी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, बीसीसीआई पूर्व भारतीय स्पिनर दिलीप दोशी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करता है। लंदन

### भारतीय क्रिकेट समुदाय ने दिलीप दोशी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, ''मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा, ''उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ।'' बिशन सिंह बेदी के संन्यास के बाद 1979 में दोशी ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और 1983 तक कुल 33 मैच खेले और 114 विकेट हासिल किये। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चयनकर्ता सुनील जोशी ने ट्वीट किया, ''अब भी यकीन नहीं हो रहा है, हमने पिछले बुधवार को ही बात की थी और वह ठीक लग रहे थे। दिलीप दोशी सर के निधन से दिल टूट गया है। वह मैदान पर महान खिलाड़ी थे और मैदान के बाहर सच्चे सज्जन व्यक्ति थे।

# लीड्स टेस्ट: आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर ऋषभ पंत के खाते में जुड़ा एक डिमेरिट अंक

एजेंसी



हेडिंग्ले, (लीड्स)। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत को लीड्स में चल रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर अनुचित व्यवहार के लिए आईसीसी की आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। इसके तहत पंत को आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है और उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ दिया गया है।

आईसीसी के अनुसार, पंत ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्णय पर असहमति ओप्रकट करने से संबंधित है। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर के दौरान हुई जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाज़ी कर रहे थे। इस दौरान पंत ने गेंद की स्थिति पर अंपायरों से चर्चा की और गेंद बदलने की मांग की। लेकिन अंपायरों द्वारा गेंद गेज से जांच के बाद गेंद न बदलने का फैसला करने पर पंत ने नाराज़गी जताते हुए गेंद को अंपायरों के सामने ज़मीन पर फेंक दिया। हालांकि, पंत ने तुरंत अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, जिससे कोई औपचारिक अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई। यह आरोप मैदान पर मौजूद अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफ़ेल, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने मिलकर लगाए थे। आईसीसी के नियमों के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन में न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार होती है, जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50% जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकती है।

# शतकीय पारी खेलने के बाद केएल राहुल ने कहा-प्रक्रिया ही सफलता की असली कुंजी



एजेंसी

लीड्स। भारतीय बल्लेबाज़ केएल राहुल का मानना है कि क्रिकेट में परिणाम हमेशा आपकी प्रतिभा, तैयारी, फिटनेस और प्रयासों के अनुपात में नहीं आते। टेस्ट क्रिकेट में उनके अपने सफर ने इस बात को बार-बार साबित किया है। मुश्किल परिस्थितियों में सात में से आठ शतक विदेशों में लगाने के बावजूद वह कभी स्थायी रूप से भारतीय टेस्ट बल्लेबाज़ी क्रम के मुख्य स्तंभ नहीं बन पाए। हेडिंग्ले टेस्ट से पहले उनका औसत 33.57 था, जो उनके कौशल की तुलना में काफी कम माना जा सकता है। सोमवार को जब चौथे दिन की सुबह टीम की पारी पटरी से उतरती नजर आ रही थी, तब राहुल ने भारत की दूसरी पारी में 137 रन की अहम पारी खेली। राहुल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''जितनी जल्दी आप यह समझ जाते हैं कि आपकी तैयारी और खेल का परिणाम से कोई निश्चित संबंध नहीं है, उतना ही शांत रह पाते हैं। यही बात आपको लंबे समय तक इस स्तर पर खेलने का सबसे अच्छा मौका देती है। उन्होंने यह भी बताया कि यह सोच उन्होंने अपने सीनियर खिलाड़ियों से सीखी है। उन्होंने कहा, ''आप जो कर सकते हैं वो बस अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। लेकिन इस खेल में कोई गारंटी नहीं होती। जब अच्छा दिन हो, तब खुश रहिए। जब बुरा दिन हो, तब भी इस बात से खुश रहिए कि खेलने का मौका मिला। मैं खेल को इसी नजरिए से देखता हूं। राहुल का हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरा भी इसी उतार-चढ़ाव का उदाहरण रहा। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में उन्हें पर्थ और ब्रिसबेन में ओपनिंग का मौका मिला, जहां उन्होंने क्रमशः 26, 77 और 84 रन की पारियां खेलीं। लेकिन श्रृंखला समाप्त होने पर उनका औसत केवल 30.66 रहा। उन्होंने कहा, ''जब आप शुरुआत करते हैं और उन्हें बड़ी पारियों में नहीं बदल पाते, तो वो बहुत निराशाजनक होता है। मैं ऑस्ट्रेलिया में अपने बल्लेबाज़ी के तरीके से खुश था, लेकिन बड़ी पारियां न बना पाने की वजह से बहुत निराश भी। हर मैच में मेरे पास मौके थे, लेकिन मैं उन्हें भुना नहीं सका। यही खेल की खूबसूरती और क्रूरता दोनों है। राहुल के करियर की एक और विशेषता यह रही है कि उन्होंने आज तक किसी भी श्रृंखला में 400 रन नहीं बनाए हैं। यही वजह रही कि वह टीम में स्थायी स्थान नहीं बना पाए और उन्हें अकसर किसी और की चोट या अनुपस्थिति के कारण मौका मिला। इस पर राहुल ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में मैंने यह मान लिया है कि मेरी कोई निश्चित पोज़िशन नहीं है। अलग-अलग भूमिकाएं निभाना मुझे प्रेरित करता है और मेरे खेल में नई चुनौती लाता है। इससे मुझे खुद को बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें दोबारा ओपनिंग की भूमिका निभाना अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, ''अपने शुरुआती क्रिकेट जीवन में मैंने हमेशा ओपनिंग की है। इस भूमिका में लौटकर अच्छा लग रहा है, और मुझे खुशी है कि मैं टीम के लिए योगदान दे पा रहा हूं। राहुल की यह स्वीकारोक्ति बताती है कि वे अब परिणाम से ज़्यादा प्रक्रिया पर ध्यान दे रहे हैं—एक ऐसा दृष्टिकोण जो उन्हें भविष्य में और भी स्थिरता और सफलता दिला सकता है।

## पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर

सिएटल। यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा। तीनों टीम ने ग्रुप चरण का समापन दो जीत और एक हार के साथ किया, लेकिन आठ दिन पहले टूर्नामेंट के पहले मैच में एटलेटिको को पीएसजी से 4-0 से मिली करारी हार भारी पड़ गई।

# जय शाह से जिद्दीपन की उम्मीद थी लेकिन वह ईमानदार और अच्छे इंसान हैं: गांगुली

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे। गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में अपने आवास पर पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ''उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था लेकिन उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा, ''देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे। इससे पहले गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जबकि शाह गुजरात क्रिकेट संघ में पदाधिकारी थे। गांगुली की जगह 2022 में एक अन्य पूर्व टेस्ट खिलाड़ी रोजर बिन्नी को बीसीसीआई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि शाह नवंबर 2024 तक सचिव बने रहे। इसके बाद वह 36 वर्ष की उम्र में आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष बने। एक राजनीतिक परिवार के वारिस और एक प्रसिद्ध क्रिकेट स्टार के बीच आपसी रिश्तों के बारे में पूछे जाने पर गांगुली ने कहा कि उनके बीच सौहार्दपूर्ण संबंध थे जो आज भी कायम हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे और आज भी हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। जब वह सितंबर 2019 में गुजरात क्रिकेट संघ से सीधे बीसीसीआई में आए तो वह काफी युवा थे। वह काफी सहयोगी और मिलनसार व्यक्ति हैं। गांगुली ने कहा, ''जाहिर तौर पर उनकी अपनी अलग सोच थी और यह सही भी है। वह कुछ नया करना चाहते थे और आज भी ऐसा करते हैं। अब वह आईसीसी के अध्यक्ष हैं और यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। गांगुली का मानना है कि समय के साथ शाह अपने काम में निपुण होते गए। जल्द ही 53 साल के होने वाले इस सुपरस्टार ने कहा, ''वह खिलाड़ियों का बहुत समर्थन करते हैं। जैसे-जैसे उन्होंने सीखा, वह अपने काम में निपुण होते गए। उनकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह इस खेल के लिए अच्छा करना चाहते हैं। कोलकाता के इस दिग्गज ने कहा कि शाह को अपनी स्थिति का पूरा अहसास था और वह हमेशा अपने काम को सिद्धांतबद्ध तरीके से करना चाहते थे।

## इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा। लेकिन ब्राज़ील के क्लब पाल्मेरास ने 80वें मिनट में पॉलिन्हो के गोल तथा नियमित समय समाप्त होने से कुछ मिनट पहले मौरिसियो के गोल की मदद से मैच ड्रॉ कराकर अंतिम 16 में अपनी जगह सुनिश्चित की।

# सोने की कीमत में गिरावट जारी चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में गिरावट का सिलसिला आज भी जारी है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये से लेकर 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,290 रुपये से लेकर 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के भाव में गिरावट आने के बावजूद चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,09,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,00,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,00,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 92,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## दुर्लभ खनिज के उत्पादन के लिए सब्सिडी योजना पर निर्णय 15-20 दिन में होगा: कुमारस्वामी

नयी दिल्ली। केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा है दुर्लभ खनिज (पृथ्वी चुंबक) के घरेलू उत्पादन पर सब्सिडी योजना शुरू करने के बारे में 15 से 20 दिन में निर्णय लिया जाएगा। इस योजना के तहत सब्सिडी की मात्रा निर्धारित करने के लिए हितधारकों के साथ विचार-विमर्श जारी है। भारी उद्योग मंत्रालय में सचिव कामरान रिजवी ने कहा कि यदि कुल प्रोत्साहन 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होता है, तो योजना को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएगा। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हैदराबाद की एक कंपनी है३ वह इसमें रुचि दिखा रही है। उन्होंने वादा किया है कि वे इस साल के अंत यानी दिसंबर तक 500 टन की आपूर्ति करेंगे। हमने खान मंत्री के साथ चर्चा की है। हमारे सचिव और हमारा मंत्रालय इस पर काम कर रहे हैं, अंततः, मुझे लगता है कि 15 से 20 दिन के भीतर निर्णय लिया जाएगा। चीन द्वारा प्रमुख धातुओं के निर्यात पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारत सहित कई देशों में वाहन और सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हुआ है। सचिव ने कहा कि दुर्लभ खनिज के वास्तविक उत्पादन में करीब दो वर्ष लगेंगे। इस दौरान सरकार, उद्योग के साथ मिलकर जापान और वियतनाम सहित अन्य वैकल्पिक स्रोतों से खरीद की संभावना तलाशेगी। रिजवी ने कहा, ''आप जानते हैं कि जापान और वियतनाम में दुर्लभ खनिज उपलब्ध हैं। हम वहां से इसे लेने का प्रयास कर रहे हैं। दुर्लभ पृथ्वी चुंबक में नियोडिमियम-आयरन-बोरॉन (एनडीएफईबी) शामिल है। इसका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन (दोपहिया व यात्री वाहनों) में ट्रैक्शन मोटर और इलेक्ट्रिक वाहन एवं परंपरागत वाहन (आंतरिक दहन इंजन) में पावर स्टीयरिंग मोटर (यात्री वाहनों में) के लिए किया जाता है।

# एसएंडपी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया 6.5 फीसदी

एजेंसी




नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत?पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। रेटिंग्स एजेंसी ने मंगलवार को आज जारी एशिया प्रशांत आर्थिक परिदृश्य में सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को ध्यान में रखते हुए विकास दर के अनुमान में ये इजाफा किया है। हालांकि, एसएंडपी ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की भी आशंका जताई है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी टैरिफ झटकों का हवाला देते हुए चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 20 आधार अंकों (0.20 फीसदी) घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया था। एजेंसी ने जारी अपने ताजा अनुमान में कहा कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो इससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं जिसका एशिया प्रशांत महासागर क्षेत्र के आर्थिक विकास पर असर होगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों को पूरा करने के लिए 90 फीसदी आयात पर निर्भर है और अपनी प्राकृतिक गैस का लगभग आधा हिस्सा विदेशों से खरीदता है। एसएंडपी ने कहा कि घरेलू मांग में लचीलापन, भारत जैसी वस्तुओं के निर्यात से कम जुड़ी अर्थव्यवस्थाओं में आर्थिक मंदी को सीमित करने में विशेष रूप से प्रासंगिक है। एसएंडपी ने कहा कि हमें लगता है कि 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित?त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहेगी। इस पूर्वानुमान में सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतें, आयकर में छूट और मौद्रिक सहजता को शामिल किया गया है। भारत के लिए एसएंडपी का विकास दर का ताजा अनुमान रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा इस महीने की शुरुआत में जताए गए 6.5 फीसदी के अनुमान के अनुरूप है।

# एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज का आईपीओ खुला, 26 जून तक कर सकेंगे निवेश

एजेंसी



मुंबई। औद्योगिक एवं चिकित्सा गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए मंगलवार को खुल गया। निवेशक 26 जून तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 380-400 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के शेयर 1 जुलाई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। कंपनी इस आईपीओ के जरिए टोटल 852.53 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी इस इश्यू में 452.53 करोड़ रुपये के फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इसके साथ ही कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए 400 करोड़ रुपये के शेयर बेचेंगे, जिसमें पद्म कुमार अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयर और वरुण अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयर की बिक्री की जाएगी। इसमें निवेश करने के लिए कम से कम 37 शेयरों का एक लॉट खरीदना जरूरी होगा। एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का यह प्रस्ताव बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध प्रस्ताव का 50 फीसदी हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों को और 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों को तथा 35 फीसदी से कम हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा। कंपनी इस नए इश्यू से प्राप्त 210 करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान, पूर्व भुगतान के लिए करेगी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की साई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बेटियों को अपनी सुरक्षा स्वयं करनी होगी : डीपीआरओ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बिजनौर। विवेकानन्द दिव्य भारती के सेल्फ डिफेंस कैंप का समापन मंगलवार को आर. जेपी इंटर कालेज के सभागार में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीपीआरओ दमन प्रीत अरोड़ा ने कहा कि दिव्य भारती का बेटियों के लिए आत्मरक्षा के लिए गुर सिखाना एक प्रशंसनीय कदम है। आज की इस आधुनिक विपरीत परिस्थितियों में हर बेटी को अपनी सुरक्षा अपने आप करनी होगी, जिसके लिए किसी भी मार्शल आर्ट को सीखना जरूरी है।

इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर समापन समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए दिव्य भारती के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने विवेकानन्द दिव्य भारती के संबंध में बताते हुए लुईस ली पार्कर हाईस्कूल में चलाए गए 15 दिन के कैम्प के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब शहर की बेटी को ताकतवर बनाया जाएगा और कोई बेटी कमजोर नहीं रहेगी। 15 दिवसीय कैम्प को सफल बनाने व विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण देने में विनय चौधरी, राशि कुमारी रश्मि कुमारी, अंकुर चौधरी व अरविन्द अहलावतमहत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन कार्यक्रम में ब्लैक बेल्ट चमन सिंह से प्रशिक्षित बेटियों ने ताइक्वांडो की विभिन्न कौशल का प्रदर्शन कर तालियों से वाहवाही लूटी। इस अवसर पर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल, रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, डीएवी के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. सुबोध चन्द्र शर्मा, सभासद कुंवर राजवीर सिंह व डॉ. विरेन्द्र कुमार आदि के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय तितोरिया, रेडक्रास सोसायटी के डायरेक्टर रोबिन कुमार, माध्यमिक के खेल शिक्षक प्रभात कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, दम्पति सहित चार लोग घायल

फतेहपुर। जिले में मंगलवार की सुबह अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार में सवार दंपत्ति सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ आये और पुलिस के साथ सहयोग किया। बड़ी मुश्किल से क्षतिग्रस्त गाड़ी से बाहर निकाल कर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सक द्वारा सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। खागा कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी दुर्गा प्रसाद का पुत्र दिवारी लाल, उसकी पत्नी राधा देवी, उसका पुत्र आशीष मौर्य व बजरंगी लाल का पुत्र महेंद्र मौर्य सभी स्विफ्ट डिज़ायर कार नम्बर यूपी 32 जीआर 2017 पर सवार होकर खागा से फतेहपुर शहर आ रहे थे। जब कार थरियांव थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर देहुली गाँव के मोड़ पर पहुंची तभी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों में चीख पुकार मच गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस घटना की सूचना दी। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाबत थारियांव थाना प्रभारी आलोक कुमार पाडेय ने बताया कि अचानक कार नेशनल हाईवे के देहुली मोड़ पर अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई है।

## विद्युत पोल में करंट उतरने से बालिका की मौत

आज़मगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के गौरीशंकर घाट स्थित शनिदेव मंदिर के पास मंगलवार को खेलते समय एक बालिका की पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया।

# मीरजापुर में सब्जी की खेती बनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ लालगंज के किसान हो रहे आत्मनिर्भर, मंडियों तक पहुंची पहचान

मीरजापुर। सब्जी की खेती ने लालगंज तहसील के गांवों की तस्वीर बदल दी है। राजापुर, मझियार, कोठी, दादर, रेही, लखनिया, खजुरी, बसही, घराघनपुर, कोलकम, पतार और कठवार सहित 12 से अधिक गांवों के किसान कद्दूवर्गीय सब्जियों की खेती कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। खेतों में पंक्तिबद्ध बुवाई, जैविक सुरक्षा, फेंसिंग और आधुनिक तकनीकों के साथ खेती की जा रही है। पहाड़ी नदियों के खनिज युक्त जल से सिंचित इन फसलों की पौष्टिकता और गुणवत्ता के चलते लालगंज की सब्जियां प्रयागराज के कोराव से लेकर मध्यप्रदेश के रीवा और सतना तक लोकप्रिय हैं। यहां के किसान शिवशंकर पाण्डेय, परवेज आलम सिद्दीकी, नागेन्द्र सिंह, अमित कुमार सिंह, भागवत सिंह, महेश दत्त मिश्रा, ठाकुर राकेश सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, सनेही लाल विश्वकर्मा, नन्हेलाल मौर्या, कमलेश यादव, दीपू पटेल, आलोक सिंह आदि ने बाजार में अपनी सब्जियों की मांग को लेकर खुशी व्यक्त की। किसानों ने संयुक्त रूप से बताया कि फसलों की बढ़ती मांग को देखते हुए हम किसान भाई पहले से ही विभिन्न किस्मों की खेती कर बाजार की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। खजुरी हाईवे से होकर गुजरने वाले राहगीर, पर्यटक और व्यापारी यहां की सब्जियों की खरीदारी जरूर करते हैं। किसानों ने बताया कि कसब्जी की खेती से गांवों की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कई किसानों के पास अब पक्के मकान, चार पहिया और दोपहिया वाहन हैं। यह खेती अब सिर्फ जीविका का साधन नहीं, बल्कि समृद्धि का माध्यम बन गई है। जिला उद्यान अधिकारी मेवालाल ने बताया कि किसानों को उन्नत बीज, कीट नियंत्रण और बाजार की मांग के अनुसार उत्पादन की जानकारी दी जा रही है।

## मथुरा: बिजली के खंभे से टकराई बाइक,आग लगने से दोस्त जिंदा जले

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में सोमवार देर रात मांट-वृंदावन मार्ग पर बिजली के खंभे से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। इस हादसे में दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चंद्र रावत ने मंगलवार को बताया कि मांट थाना अंतर्गत हुए हादसे में मृतक दोनों युवकों की पहचान मांट के जहांगीरपुर गांव के लखन (27) और तेजपाल (24) के रूप में हुई है। लखन के छोटे भाई साव सिंह उर्फ बाबू ने बताया कि 23 जून को नई अपाचे बाइक भाई ने खरीदी थी और वह दोस्त तेजपाल के साथ घर से मांट गया था। लौटते समय उनकी बाइक मांट-वृंदावन मार्ग पर हाथी बाबा आश्राम के पास बिजली के खंभे से टकरा गई और आग लग गई। इस आग में दोनों चपेट में आकर जल गए। सूचना पर मांट थाना प्रभारी जसबीर सिंह थाना पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाकर दोनों को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# आईएमएस-बीएचयू में वयस्कों का अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण शुरु, पूर्वी भारत के लिए उपलब्धि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बीएचयू, के ट्रामा सेंटर परिसर स्थित बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं स्टेम सेल रिसर्च सेंटर में अब वयस्कों का अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) की चिकित्सा सुविधा शुरू हो गई है। यह सुविधा पूर्वांचल सहित पूर्वी भारत के लिए जीवनरक्षक उपलब्धि है। चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एस. एन. संखवार के अनुसार इस केंद्र पर पहला सफल वयस्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट वाराणसी निवासिनी 53 वर्षीय एक महिला मरीज पर 05 जून 2025 को किया गया। महिला मल्टीपल मायलोमा नामक रक्त कैंसर से पीड़ित है। मरीज को प्रारंभ में कीमोथेरेपी दी गई, तत्पश्चात 5 जून को स्टेम सेल इन्फ्यूजन किया गया। लगभग दो सप्ताह बाद, मरीज का बोन मैरो इन्ग्राफ्टमेंट सफलतापूर्वक हुआ। महिला को 26 जून 2025 को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अब यह सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध है और हर माह दो ट्रांसप्लांट किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस महत्वपूर्ण पहल से पूर्वांचल के साथ-साथ बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से आने वाले मरीजों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। इससे कैंसर जैसी बीमारी से लड़ना अब पहले से कहीं अधिक संभव और सुलभ हो सकेगा। बोने मैरो ट्रांसप्लांट सेंटर के प्रभारी प्रो. (डॉ.) के के गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में मरीजों का इलाज हो रहा है। महिला के ट्रांसप्लांट को डॉ ललित प्रशांत मीना, विभागाध्यक्ष, जनरल मेडिसिन विभाग, डॉ निलेश कुमार, डॉ. नीरज धमेजा, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. अभिषेक मौर्य, डॉ श्रुति मिश्र ने सफलतापूर्वक किया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# पुरानी पेंशन बहाल की जाए : कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मुरादाबाद। कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को जिला अस्पताल परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए। साथ में वेतन आयोग के संस्तुतियों के उपरांत व्याप्त विसंगतियों को दूर करते हुए वेतन समिति की रिपोर्ट को प्रकाशित कर उसके पूर्ण लाभ प्रदेश के राज्य कर्मचारी, स्थानीय निकाय, सार्वजनिक निगम, परिवहन निगम, प्राधिकरण, शिक्षकों, शिक्षेणत्तर एवं स्वयंसेवी संस्थाओं आदि के कर्मचारियों पर समान रूप से लागू किया जाए। जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे मांग पत्र में कर्मचारी-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मांग की कि प्रदेश सरकार द्वारा 1 जनवरी 2020 से 31 जुलाई 2021 तक का फ्रीज महंगाई भत्ते का एरियर भी अनुमन्य किया जाए। परिवार नियोजन, सीसीए सहित बंद किए गए अन्य समस्त भत्ते बहाल किए जाएं। आउट सोर्सिंग संविदा आदि पर कार्यरत कर्मचारियों की सेवा संबंधी सुरक्षा भविष्य में स्थाईकरण हेतु नीति तथा समान कार्य का समान वेतन, श्रम मंत्रालय द्वारा अनुमन्य पारिश्रमिक दिए जाने तथा समय से ईपीएफ एवं ईएसआई तथा बीमा की सुविधा अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए। प्रदेश के स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भांति सभी सुविधाएं प्रदान करते हुए वेतन ढांचा का पुनर्गठन किया जाए। लिपिक, राजस्व, कंप्यूटर चालक आदि संवर्गों का पुनर्गठन उच्चीकारण एवं केंद्रीय सेवा नियमावली, भत्ते पदनाम देते हुए सफाई व अन्य संवर्गों में कार्यरत दैनिक वेतन संविदा (31 दिसंबर 2001 तक कार्यरत कर्मचारियों) तदर्थ एवं धारा 108 अवतार आदि कर्मचारियों का समयबद्ध विनियमतीकरण किया जाए। शेष बचे राजकीय नियमों के कर्मचारियों को सातवें वेतन मान का लाभ अनुमन्य किया जाए। निगम के कर्मचारियों को महंगाई भत्तों का भुगतान राज्य कर्मचारियों की देय तारीख से स्वीकृत करते हुए गठित अधिकृत समिति समाप्त कर वर्ष 2002 से पूर्व की व्यवस्था लागू की जाए और राज्य सार्वजनिक निगमन उपक्रमों आदि को चलाने हेतु ठोस नीति बनाई जाए। इस दौरान संदीप बडोला, हेमंत चौधरी, निश्चल भटनागर सहित अनेकों शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आपातकाल: मंडप से दूल्हे को ले जाकर करा दी जाती थी नसबन्दी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सुल्तानपुर। अपनी जिंदगी में इस तरह का आपातकाल न कभी मैंने देखा था और न ही कभी मैं देखूंगा। वह काला दिन मैं कभी भूल सकता हूँ। एक तुगलकी फरमान (आपातकाल) ने न जाने कितने का घर और जिंदगी बर्बाद कर दिया । उस दौरान मंडप से दूल्हा उठा ले जाते थे, उनकी नसबंदी करा दी जाती थी। यहां तक कि मैं पुलिस सेवा में था इसके बाद भी जब घर आता था तो डर लगा रहता था , इसीलिए मुझे भी पुलिस वर्दी में ही रहना पड़ता था। बराबर डर लगा रहता था। कि मुझे भी उठा ले जाकर कहीं नसबन्दी न करा दे। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर नगर निवासी हरिनारायण राय को पुलिस सेवा के दौरान उत्कृष्ट सेवा के लिए दो बार राष्ट्रपति द्वारा पुलिस सेवा पदक से सम्मानित किया गया था। श्री राय ने आपात काल के पचास साल की याद को हिन्दुस्थान समाचार के संवाददाता से विस्तार से बात की। आपातकाल के दिनों को याद करते हुए उनके मन में एक गुस्सा था। श्री राय ने बताया कि सरकारी नौकरशाहों के ऊपर इतना दबाव था कि उन्हें प्रतिदिन नसबन्दी केस देने पड़ते थे इसीलिए लोग गांव-गांव घूम कर के जबरदस्ती लोगों को उठा ले जाते थे । उन पर दबाव डाला जाता था। केश नहीं लाने पर नौकरी से बर्खास्त करने की धमकी भी दी जाती थी । उन्होंने बताया कि हमारे बड़े भाई गिरजा शंकर राय इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद कार्यरत थे । उस समय उनकी जबरदस्ती नसबंदी करा दी गई । उसके बाद उनके दो बच्चे हुए ,फिर घर में एक बड़ा हंगामा भी हुआ।

# जालौन में एबीवीपी का अवैध शिक्षण संस्थानों के खिलाफ प्रदर्शन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जालौन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिले में संचालित अवैध और मानक विहीन महाविद्यालयों व स्कूलों के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और इन संस्थानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जिले में अवैध रूप से संचालित शिक्षण संस्थानों को तुरंत बंद करवाया जाए। बेसिक शिक्षा विभाग पर दलाली के आरोपों की जांच हो। शिक्षा के स्तर को बनाए रखने के लिए मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। वहीं, हाल ही में अपना दल (एस) के एबीवीपी और एक विधायक पर लगाए गए आरोपों को परिषद पदाधिकारियों ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि ये आरोप निराधार हैं और शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के उनके अभियान को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। इस प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के छात्रों ने अवैध शिक्षण संस्थान बंद करो शिक्षा में भ्रष्टाचार मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। जुलूस उरई के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहीं, एबीवीपी के प्रांतीय संयोजक चित्रांश ने कहा कि जालौन में कई ऐसे स्कूल और कॉलेज संचालित हो रहे हैं जिनके पास मान्यता नहीं है या वे शिक्षा के न्यूनतम मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। हमने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे संस्थानों को तुरंत बंद किया जाए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी ने शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए शिक्षा विभाग के साथ मीटिंग की बात कही। जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दक्षिण परिसर में गंगातिरी गाय ने दिया साहीवाल बछिया को जन्म

■ कृषि विज्ञान संस्थान के पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान संकाय में भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक और वर्गीकृत सीमन से मिली सफलता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिण परिसर में एक गंगातिरी सरोगेट गाय ने भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक और वर्गीकृत सीमन की मदद से एक स्वस्थ 23 किलोग्राम वज़नी साहीवाल बछिया को जन्म दिया है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत,महत्वाकांक्षी सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी परियोजना में पैदा हुई तीसरी मादा बछिया है। 22 सितंबर 2024 को एक उच्च दुग्ध उत्पादक साहीवाल गाय में सुपर ओवुलेशन करवाकर उसे एक श्रेष्ठ साहीवाल बैल के वर्गीकृत सीमन से कृत्रिम रूप से गर्भित किया गया था, ताकि केवल मादा बछड़ी का ही जन्म सुनिश्चित किया जा सके। परियोजना के संचालक प्रधान अन्वेषक डॉ. मनीष कुमार, सह-अन्वेषक डॉ. कौस्तुभ किशोर सराफ और डॉ. अजीत सिंह को इस सफलता पर पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय, कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. यू. पी. सिंह और आर.जी.एस.सी. के आचार्य प्रभारी प्रो. वी. के. मिश्र ने बधाई दी है। और कहा कि एम्ब्रियो ट्रांसफर तकनीक किसानों को तेजी से आनुवंशिक सुधार, उच्च उत्पादकता, कम लागत और अधिक दुग्ध उत्पादन से आय वृद्धि का अवसर देगी। यह उपलब्धि आरकेवीवाई वित्तपोषित परियोजना के तहत तीसरे सफल बछड़ी जन्म को दर्शाती है। पहली मादा साहीवाल बछिया 19 नवम्बर 2024 को और दूसरी बछिया 2 दिसम्बर 2024 को जन्मी थी, जिससे इस तकनीक की प्रभावशीलता की सफलता की पुष्टि होती है। तीसरी बछिया के जन्म से यह सिद्ध हो गया है कि यह तकनीक देशी नस्लों के संवर्धन में लगातार सफल हो रही है। डॉ. मनीष कुमार (प्रधान अन्वेषक) के अनुसार अब इस कार्यक्रम में और अधिक उन्नत प्रजनन तकनीकों को शामिल करने के लिए प्रयासरत है, जैसे कि ओवम पिक-अप , इन विट्रो फर्टिलाइजेशन,और एम्ब्रियो ट्रांसफर टीम का लक्ष्य है कि भविष्य में इन तकनीकों को विंध्य क्षेत्र के किसानों के द्वार तक पहुँचाया जाए, जिससे देशी नस्लों के संरक्षण के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके।